INS ACCREDITED
यूंनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-78 | सांध्य दैनिक | मथुरा, शुक्रवार, 15 मई 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


### नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

## मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला है और पुणे में रसायन विज्ञान का शिक्षक बताया जा रहा है।

जांच एजेंसी के अनुसार कुलकर्णी परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ा हुआ था, जिससे उसकी पहुंच सीधे प्रश्नपत्रों तक थी। सीबीआई का दावा है कि आरोपी ने पुणे में विशेष कोचिंग क्लासेस चलाकर छात्रों को लीक हुए प्रश्न और उनके उत्तर उपलब्ध कराए। मामले की जांच के दौरान देशभर में कई स्थानों पर




छापेमारी की गई, जहां से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। एजेंसी अब पेपर लीक से जुड़े बड़े नेटवर्क, बिचौलियों और अन्य संदिग्ध लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

### मॉक टेस्ट के 42 सवाल परीक्षा में मिलने से खुलासा

### पेपर लीक नेटवर्क में बिचौलियों की तलाश जारी

अब तक इस मामले में सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी बीच महाराष्ट्र के लातूर में भी जांच तेज हो गई है। यहां एक अभिभावक ने शिकायत की थी कि एक निजी कोचिंग संस्थान के मॉक टेस्ट के 42 सवाल नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र से मेल खाते थे।

इस शिकायत के बाद सीबीआई ने लातूर के एक कॉलेज के रिटायर्ड शिक्षक को हिरासत में लिया है। हालांकि एजेंसी ने अभी उनकी पहचान सार्वजनिक नहीं की है। इससे पहले लातूर पुलिस कोचिंग संस्थान के स्टाफ, काउंसलर और कई छात्रों से पूछताछ कर चुकी है। पेपर लीक विवाद के बाद एनटीए ने नीट यूजी परीक्षा दोबारा 21 जून को कराने का फैसला लिया है। मामले को लेकर छात्रों और अभिभावकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

### मॉडल गोशाला का नया प्रयोग

## गोशालाओं में जन्मदिन मनाकर करेंगे गोसेवा

### बरारी—महुअन गोशालाएं नई समितियों को सौंपी गईं

### अब जन्मदिन और साल गिरह सेवा कार्यक्रम होंगे

### जनपद की 25 गोशालाएं एनजीओ को सौंपने की प्रक्रिया शुरू

सिटी रिपोर्टर

**यूनिक समय, मथुरा।** फरह क्षेत्र की बरारी और महुअन अस्थाई गोशालाओं को अब मॉडल गोशालाओं के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण शुक्ला ने दोनों गोशालाओं का निरीक्षण करने के बाद बरारी गोशाला को मां यशोदा अनाथ नंदी सेवा समिति, सलीमपुर तथा महुअन गोशाला को श्री बांके बिहारी गो सेवा समिति को हस्तांतरित कर दिया। निरीक्षण के दौरान बरारी गोशाला में 130 और महुअन में 138 गौवंश पाए गए। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद डॉ. शुक्ला ने कहा कि सरकार की मंशा जनपद की सभी अस्थाई गौशालाओं को स्वयं सहायता समूहों और स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से बेहतर ढंग से संचालित कराने की है। इसी क्रम में लगभग 25


बरारी अस्थाई गोशाला का निरीक्षण करते मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण शुक्ला एवं फरह पशु चिकत्सा अधिकारी डॉ. उत्तम सिंह।

गोशालाओं का निरीक्षण कर उन्हें संस्थाओं को सौंपने की प्रक्रिया जारी है। मां यशोदा अनाथ नंदी सेवा समिति के नंद किशोर महाराज ने बताया कि बरारी गोशाला को मॉडल गोशाला के रूप में संचालित किया जाएगा। यहां पर्यटकों और आम लोगों को शादी की सालगिरह, बच्चों के जन्मदिन जैसे अवसरों पर गौसेवा से जोड़ा जाएगा, जिससे दान की व्यवस्था मजबूत होगी

डॉ. नारायण शुक्ला ने बताया कि हाईवे से सटी इन गोशालाओं को भव्य स्वरूप देने में विभाग पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि गौसेवा के इच्छुक स्वयं सहायता समूह और स्वयंसेवी संस्थाएं नियमानुसार आवेदन कर सकती हैं। जिला स्तर से नौ और राज्य स्तर से 16 अन्य गोशालाएं भी जल्द हस्तांतरित की जानी प्रस्तावित हैं। निरीक्षण में फरह पशु चिकत्सा अधिकारी डॉ. उत्तम सिंह भी मौजूद थे।

## सिलेंडर में आग लगने से दंपती समेत चार झुलसे

### शादी की खुशियों में खलल, महिला और मासूम की हालत गंभीर

**यूनिक समय, फरह।** थाना क्षेत्र के गांव सनौरा में शुक्रवार की सुबह शादी की खुशियां उस समय अफरा—तफरी फैल गई, जब चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। हादसे में पति—पत्नी, उनकी मासूम बेटी और भाई समेत चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी को टाउनशिप स्थित स्वर्ण जयंती अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां महिला और उसकी छह वर्षीय बेटी की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

गांव निवासी रवि की बारात गुरुवार को नरहौली गांव गई थी। सुबह दुल्हन के घर पहुंचने के बाद परिवार और रिश्तेदारों के लिए चाय बनाई जा रही थी। इसी दौरान अजयपाल की पत्नी रिंकी रसोई में चाय बनाने पहुंचीं। जैसे ही उन्होंने गैस चूल्हा जलाया, लीकेज हो रहे सिलेंडर ने अचानक आग पकड़ ली। आग लगते ही कमरे में मौजूद रिंकी और उसकी बेटी श्रष्टि चीखने लगीं।

चीख—पुकार सुनकर परिवार के लोग और रिश्तेदार मौके पर दौड़ पड़े। आंगन में बिछे फर्स और टाट को गीला कर किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक अजयपाल, उनकी पत्नी रिंकी, भाई कान्हा और बेटी श्रष्टि आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस चुके थे। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। आनन—फानन में सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है।

## इंस्ट्राग्राम पर अश्लील फोटो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवती के अश्लील फोटो वायरल करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने 14 मई को रात्रि के करीब 10:15 बजे यमुना एक्सप्रेसवे लिंक रोड स्थित हेलीपेड के पास से आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त कुलदीप हाल निवासी द्वारकेशपुरम, त्रिवेणी कॉम्पलेक्स, गोवर्धन रोड, बाकलपुर, थाना हाईवे है।

उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सैमसंग मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पांच मई को पीड़ित पक्ष द्वारा थाना साइबर क्राइम में तहरीर दी गई थी, जिसमें उनकी पुत्री के

### साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

अश्लील फोटो को अलग—अलग नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर वायरल करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणों के आधार पर यह पुष्टि हुई कि अभियुक्त कुलदीप ही विभिन्न फर्जी आईडी बनाकर इस अपराध को अंजाम दे रहा था। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक रफत मजीद, निरीक्षक राजकुमार, हेड कांस्टेबल अभिनव यादव, अजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### डिजिटल वेलनेस: बुजुर्गों के लिए नई जीवनशैली

## बढ़ती उम्र में नई तकनीक सीखना दिमाग के लिए फायदेमंद

**यूनिक समय, मथुरा।** डिजिटल वेलनेस आज के समय में बुजुर्गों के लिए एक नई और जरूरी जीवनशैली बनती जा रही है। सही तरीके से तकनीक का उपयोग न केवल जीवन को आसान बनाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और खुशी को भी बढ़ाता है।

बढ़ती उम्र में नई तकनीक सीखना दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के शोध के अनुसार डिजिटल स्किल सीखने से बुजुर्गों की याददाश्त लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। जो लोग नई एप्स सीखते हैं, वीडियो ट्यूटोरियल देखते हैं या ग्रुप क्लास में शामिल होते हैं, उनकी



मानसिक क्षमता और सोचने—समझने की शक्ति बेहतर होती है।

वहीं एआई आधारित टूल्स बुजुर्गों को नई भाषा, संगीत या अन्य स्किल सीखने में मदद करते हैं। जब व्यक्ति कुछ नया सीखता है तो मस्तिष्क में डोपामाइन रिलीज होता है जिससे खुशी और आत्मविश्वास दोनों बढ़ते हैं। एआई ट्यूटर एक पर्सनल ब्रेन कोच की तरह काम करते हैं और व्यक्ति की क्षमता के अनुसार अभ्यास कराते हैं।

आजकल स्मार्टवॉच और हेल्थ डिवाइस बुजुर्गों के स्वास्थ्य की लगातार निगरानी करते हैं। ये डिवाइस दिल की धड़कन, नींद और सांसों में छोटे बदलावों को भी पहचान लेते हैं। इससे किसी भी बीमारी के शुरुआती संकेत समय पर मिल जाते हैं और सही इलाज संभव होता है। सही तरीके से तकनीक का उपयोग बुजुर्गों के लिए न केवल स्वास्थ्य लाभ देता है, बल्कि उन्हें अधिक सक्रिय, आत्मनिर्भर और खुशहाल जीवन जीने में भी मदद करता है।

### एआई टूल्स से बढ़ता आत्मविश्वास

एआई आधारित टूल्स और एप्स बुजुर्गों को नई चीजें सीखने में मदद करते हैं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है और दिमाग हमेशा सक्रिय रहता है।

### डिजिटल जुड़ाव से कम होता अकेलापन


वीडियो कॉल, सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स के जरिए बुजुर्ग अपने परिवार और दोस्तों से जुड़े रहते हैं। इससे अकेलापन और तनाव कम होता है और मानसिक संतुलन बेहतर रहता है।





विद्या भारती विद्यालय
SHRIJI BABA SARASWATI VIDYA MANDIR
Goverdhan Road, Mathura | Website:- www.sjbsvm.com, E-mail:- sjb_vidyamandir@yahoo.com Contact:- 9084028091, 7078697627
CBSE 12th CLASS BOARD RESULT 2026
SHIVANGI SHARMA 98.6%
YASHIKA CHATURVEDI 97.4%
NAMAN BANSAL 96.4%
ARYAN TIWARI 96.2%
VAISHNAVI CHAUDHARY 96%
SAUMYA PARASHAR 95.8%
BHAAVYA GOEL 95.8%
YAJAT AGRAWAL 95.6%
KANAK VARSHNEY 95.6%
GAGAN SINGH RAGHAV 95.4%
DARSHIT SHARMA 95%
Congratulations!
CBSE 10th CLASS BOARD RESULT 2026
SARTHAK AGRAWAL 99.4%
KRISHANG AGRAWAL 99.2%
TANISHK CHAUDHARY 99.2%
ANKUR CHAUDHARY 99.2%
KUSHAGRA GUPTA 99.%
TEJUSH SINGH 98.8%
TANMAY SHARMA 98.6%
NISHANT SINGH KUNTAL 98.4%
PRAPHULLAT 98.4%
SHREYA AGRAWAL 98.2%
ASTITVA MANI 98%
ANURAG SINGH 97.8%
DEVANSHI JAIN 97.8%
YOGITA THAKUR 97.8%
BHAVNA 97.6%
ANUSHKA AGRAWAL 97.4%
SAKSHI SHARMA 97.4%
KRISHNA KANT 96.8%
ATHARV SHARMA 96.6%
JAY PRATAP TOMAR 96.4%
PIYUSH DAKSH 96.4%
NANDINI SINGH 96.4%
KRATIKA SINGH 96.4%
SOMYA 96.2%
PAYAL 96.2%
The school proudly congratulates all students on their outstanding achievement. May your success today lead you to even greater accomplishments tomorrow.
Mahant Ramakant Goswami (President)
Prof. (Dr.) Tejpal Singh (Manager)
CA. Sanjeev Agrawal (Treasurer)
Harendra Kumar Saraswat (Principal)

# जाम और भीषण गर्मी से शहर वासियों का निकला पसीना


शुक्रवार को शहर के मछली फाटक पुल पर जाम में फंसे वाहन ।

**यूनिक समय, मथुरा।** शुक्रवार को चिलचिलाती धूप और शहर में कई स्थानों पर जाम का झाम लोगों के लिए परेशानी की वजह बन गया। जाम की वजह से वाहनों का बेवजह ईंधन खर्च हुआ वहीं लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। गर्मी की वजह से जाम में फंसे लोग पसीने से भीगते रहे, तो एसी वाहन गर्मी का असर और भड़काते रहे।

जाम का ऐसा हाल अधिकांश शहर में दिखा, जबकि वजह डिवाइडर के बीच बने कट से निकलने की जल्दबाजी बनी।

### मछली फाटक से भूतेश्वर तिराहे तक दिखा जाम का झाम

### होली गेट, भरतपुर गेट और कृष्णानगर में भी जाम का दिखा असर

दोपहर एक बजे जब अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार करने को उतावला था, तब मछली फाटक पुल से स्टेट बैंक चौराहे तक जाम के हालात बने रहे। कट से निकलने की जल्दी इस जाम की सबसे बड़ी वजह बनी, जिससे यह जाम अधिक समय तक बना रहा, जिससे वाहन भी रैंग-रैंगकर निकलते रहे। ऐसे में चिलचिलाती गर्मी से जाम में फंसे लोग बिलबिलाते रहे। कुछ ऐसे ही हाल स्टेट बैंक चौराहे से नए बस स्टैंड तक बनते रहे।

इसी समय यह जाम लोगों का पसीना निकालता रहा। भूतेश्वर तिराहे पर भी जाम के हालात नजर आए, जबकि सौंख रोड तिराहे पर और उससे आगे भी जाम लगता रहा।

जाम केवल इन स्थानों पर ही नहीं था, बल्कि जाम से होली गेट, भरतपुर गेट का इलाका भी जूझा। तेज धूप में यह जाम लोगों के लिए असहनीय पीड़ा की वजह भी बनता रहा। होली गेट पर जाम में फंसे राया के गौरव का कहना था कि सड़क पर खड़े ई- रिक्शा, ठेल और अन्य वाहन जाम की वजह बनते हैं, पुलिस के वाहन तो हूटर बजाकर निकल जाते हैं।

## तीन दिन हीट बेव का अलर्ट

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में तीन दिन हीट बेव का अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए पूर्वानुमान में हीट बेव की आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञानी नरेंद्र कुमार के अनुसार, 17 से 19 मई तक हीट बेव चलेगी। हीट बेव की वजह से अधिकतम तापमान भी 45 डिग्री सेल्सियस के करीब जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा, ऐसे में लोग सावधानी बरतें। वहीं, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम तापमान 41 डिग्री सेल्सिय दर्ज किया गया।

### पीएम मोदी की अपील बेअसर

ईंधन बचाने की अपील के बावजूद शहर में घंटों जाम लगा रहा। मछली फाटक, भूतेश्वर और होली गेट पर वाहन रेंगते रहे। तेज गर्मी के बीच जाम में फंसे वाहनों से लगातार ईंधन का दुरुपयोग होता रहा।




# युवक ने फंदा लगा कर की आत्महत्या

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना नौहझील के गांव बिरजू गढ़ी में एक युवक ने पत्नी द्वारा गांव छोड़कर आने का दबाव दिए जाने से परेशान होकर फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत से परिवार के लोग बेहद दुखी हैं।

बिरजू गढ़ी निवासी युवक पुष्पेंद्र (23) ने बीती देर रात अपने कमरे में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोगों को जब इस बात का पता लगा तो उनके होश उड़ गए। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों का कहना है कि पुष्पेंद्र की शादी हो चुकी है। उसकी पत्नी बाहर नौकरी करती है। पुष्पेंद्र उस पर नौकरी छोड़कर गांव में रहने के लिए कहता था, जबकि पत्नी पुष्पेंद्र से गांव छोड़कर नौकरी पर अपने साथ रखना चाहती थी। इसको लेकर दोनों के बीच तकरार चल रही थी। पुष्पेंद्र के ससुराल के लोग भी पोस्टमार्टम ग्रह पर मौजूद थे। दोनों परिवारों के बीच इस मामले में बातचीत चल रही थी।

### युवक और पत्नी के बीच चल रहा था विवाद

# डीएम साहब, ग्राम पंचायत की जमीन बचा लो


शुक्रवार को प्रधान के खिलाफ शिकायत करने कलेक्ट्रेट पहुंचे गांव अगनपुरा के ग्रामीण।

**यूनिक समय, मथुरा।** शुक्रवार को गांव अगनपुरा के दर्जनों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रधान पर चहेते ग्रामीणों को आवासीय पट्टे देने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए डीएम से ग्राम पंचायत की जमीन को सुरक्षित बचाने की गुहार लगाई। वहीं डीएम ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

दोपहर को गांव अगनपुरा के सुदामा, नीटू, साहब सिंह, आकाश और श्यामवीर आदि ग्रामीण कलेक्ट्रेट आए। डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव में खसरा संख्या सौ में ग्राम पंचायत की जमीन दर्ज है। यह जमीन गांव में अस्पताल, सामुदायिक भवन या अन्य किसी सरकारी काम के लिए छोड़ी गई है। अब इस जमीन को प्रधान विक्रम सिंह अपने चहेतों को पट्टे पर देने की योजना में जुटा है।

### गांव अगनपुरा के ग्रामीणों ने प्रधान पर लगाया आरोप चहेतों को दे रहा पट्टे

### पूर्व में काटे गए पट्टों को संक्रमणीय होने के बाद प्रधान आदि ने खरीदा

जमीन आवासीय पट्टे पर देने से ग्राम पंचायत में कोई जमीन सामुदायिक काम के लिए नहीं बचेगी।

ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि ग्राम प्रधान ने 2024 में भी जलमीन के पट्टे काटे थे, संक्रमणीय होने पर इन पट्टों को प्रधान और उसके सहयोगियों ने खरीद लिया। अब प्रधान ऐसी योजना फिर से बनाने में जुटा है। ग्रामीणों ने बताया कि डीएम ने कार्रवाई कराने की बात कही है।

## ग्रामीण को पीटा, बचाने आई मां और भाभी से मारपीट

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना क्षेत्र के गांव बेगमपुर में कहासुनी को लेकर नामजद आरोपियों ने एक ग्रामीण को पीट दिया। आरोप है कि बचाने आई मां और भाभी से भी मारपीट की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब आरोपियों की तलाश की जा रही है। गांव निवासी महेंद्र प्रताप ने थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया है कि वह गुरुवार की शाम पांच बजे पर घर पर बैठा था, तभी गांव के दबंग सोनू, अमित, धर्मपाल, धर्मेंद्र और गुरुवेंद्र हाथ में लाठी– डंडे और सरिया लेकर आए और गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर सरिया और डंडों से हमला कर दिया। बचाने आई मां और भाभी को भी आरोपियों ने पीटा जिससे वह घायल हो गईं। मारपीट के दौरान मां का कुंडल गिर गया, जबकि भाभी अर्द्धनग्न हो गई। प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल ने बताया कि प्रकरण में पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार बाइक बरामद



**यूनिक समय मथुरा।** बल्देव पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की दो बाइक बरामद की है। बल्देव पुलिस खड़ेरा की पुलिया पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वहां से दो बाइकों पर सवार युवक गुजरने लगे तो पुलिस ने उन्हें चेकिंग के लिए रोक लिया। पुलिस द्वारा बाइकों के कागजात के बारे में जानकारी की तो दोनों युवक कोई कागज नहीं दिखा सके। शक होने पर पुलिस ने बाइकों पर लगी नंबर प्लेट के बारे में जानकारी की तो पता लगा कि बाइकों पर लगी नंबर प्लेट भी फर्जी है। इसके बाद पुलिस ने युवकों से कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि बाइक चोरी की हैं और बाइकों पर दूसरी बाइक की फर्जी नंबर प्लेट लगा रखी है। पुलिस ने अभियुक्त सोनू उर्फ सोनवीर निवासी गांव दौलतपुर थाना बल्देव व सौरभ निवासी गांव दघैंटा थाना बल्देव को गिरफ्तार कर लिया है।

# पेंशन आवेदन में कुटुम्ब रजिस्टर मान्य

**यूनिक समय, मथुरा।** वृद्धावस्था पेंशन और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए किए जाने वाले नए आवेदनों में अब उम्र के लिए कुटुम्ब रजिस्टर मान्य होगा। उम्र के लिए अब आधार का कोई औचित्य नहीं माना जाएगा।

यह जानकारी देते हुए सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत आवेदक की आयु की गणना के लिए आधार कार्ड में अंकित जन्म तिथि को आयु प्रमाण पत्र के रूप में मान्यता को समाप्त करते हुए आवेदक की आयु का प्रमाण पत्र (परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति) अथवा शैक्षिक अर्हता से संबंधित प्रमाण पत्र, जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो, जन्म तिथि के प्रमाण पत्र के रूप में मान्य की गई है।

### अब आधार कार्ड का कोई औचित्य नहीं

उन्होंने बताया कि इसलिए वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ का नवीन आवेदन करते समय आयु प्रमाण पत्र के रूप में आधार कार्ड के स्थान पर परिवार रजिस्टर की प्रमाणित प्रति अथवा शैक्षिक प्रमाण पत्र, जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, को अपलोड करना तय करें।



# कूड़े की प्लास्टिक अब गांव की महिलाओं की बनेगी कमाई

## 44 ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक कचरा को खरीदने का होगा काम ग्रामों का किया चयन

## प्लास्टिक कचरा खरीदने का भाव तय करेंगी ग्राम पंचायतें खरीदी गई प्लास्टिक से बनेगा दाना



ग्राम पंचायत नौहझील में बने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट में लगी मशीन और बेकार प्लास्टिक।

**यूनिक समय, मथुरा।** कचरा समझकर फेंकी जाने वाली प्लास्टिक ग्रामीण महिलाओं के लिए कमाई का जरिया बनेगी। ऐसी प्लास्टिक को एकत्रित करके महिलाएं ग्राम पंचायत को बेचेंगी। ग्रामीण घरों से प्लास्टिक कचरा को खरीदने का मूल्य भी ग्राम पंचायत तय करेगी। प्रथम चरण में इस योजना के लिए 44 ग्राम पंचायतों का चयन हुआ है।

अब गांवों में हर ओर कचरा समझकर फेंकी जाने वाली प्लास्टिक को एकत्रित करना होगा। इससे गांव तो सुंदर बनेंगे ही, साथ ही पर्यावरण भी संवरेगा। प्लास्टिक को सहेजने के लिए ग्रामीण महिलाओं को समझाया जाएगा। ग्राम पंचायत कचरा प्लास्टिक को खरीदने के लिए काम करेगा। प्रथम चरण में यह काम चयनित ग्राम पंचायतों में ही होगा। ऐसे गांवों में योजना सफल होने के बाद इसे अन्य ग्राम पंचायतों में लागू किया जाएगा।

जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने बताया कि कचरा प्लास्टिक खरीदने के लिए 44 ग्राम पंचायत चयनित की गईं हैं। ऐसी कचरा प्लास्टिक का भाव ग्राम पंचायत तय करेगी। इस अभियान से गांव सुंदर बनेंगे और महिलाएं कमाई करेंगी। नंदगांव ब्लॉक के छह गांवों में यह काम पेप्सिको करेगी।

### ग्राम पंचायत चयनित

बेकार प्लास्टिक खरीदने के लिए नौहझील की ग्राम पंचायत सुरीरकलां, नावली, सुरीर विजउ, हसनपुर, नौहझील, अमानउल्लापुर, सुहागपुर, रायपुर, बरौठ, मिठठौली, छाता की छाता देहात, खायरा, शेरगढ़, रान्हेरा, दौताना, मांट की दीवानाकलां, हरनौल, अकबरपुर, मांट राजा, पानीगांव, मेहरा मांट, कुडवारा, चौमुंहा की अकबरपुर, अगरयाला, तरौली सुमाली, नौगांव, बल्देव की महावन बांगर, मनोहरपुर, पटलौनी, मथुरा की ऊंचा गांव, राया की कारब, नगौड़ा, सिहोरा, फरह की रैपुराजाट, नंदगांव की सिरथला, कादौना, लालपुर, हुलवाना, कामर, बठैनकलां, कोसी देहात शामिल हैं।

### नौहझील में बनाया जाएगा प्लास्टिक दाना

ग्राम पंचायतों में खरीदी जाने वाली इस प्लास्टिक से दाना बनाया जायेगा। कचरा प्लास्टिक को खरीदने के बाद संबंधित ग्राम पंचायत नौहझील स्थित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट में भिजवाया जाएगा, जहां मशीन इस प्लास्टिक को दाना में बदलेंगीं।




# दिव्यांग बच्चों के लिए स्कूलों में आवश्यक होंगी विशेष सुविधाएं

## 15 कार्यदिवस में देनी होगी रिपोर्ट, नियमों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद के सभी मान्यता प्राप्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को अब दिव्यांग बच्चों के लिए पूरी तरह सुगम और सुरक्षित बनाना अनिवार्य होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति ने इस संबंध में कड़े निर्देश जारी करते हुए 15 कार्यदिवस के भीतर रिपोर्ट मांगी है। बीएसए कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, शासनादेशों और न्यायालय के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक विद्यालय परिसर को दिव्यांग अनुकूल बनाया जाना आवश्यक है। इसके तहत स्कूलों में रैंप, मजबूत हैंडरेल, व्हीलचेयर अनुकूल शौचालय और सुगम पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। निर्देशों के अनुसार स्कूलों में मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर कक्षाओं तक पहुंचने के लिए मानक अनुरूप रैंप बनाए जाएंगे। दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए अलग शौचालय में वेस्टर्न कमोड और सपोर्ट बार की व्यवस्था भी जरूरी होगी। वहीं दृष्टिबाधित बच्चों की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि और बड़े अक्षरों वाले संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं। बीएसए ने कहा है कि जिन विद्यालयों ने अभी तक "दिव्यांग हितैषी भवन प्रमाण पत्र" प्राप्त नहीं किया है, वे तत्काल आवेदन करें। साथ ही सभी विद्यालयों को उपलब्ध सुविधाओं की सत्यापित रिपोर्ट और रंगीन फोटोग्राफ खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से बीएसए कार्यालय में जमा कराने होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि तय समय सीमा में आदेशों का पालन नहीं करने वाले विद्यालयों के खिलाफ मान्यता नियमों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# स्टेम इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के तहत शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**यूनिक समय, मथुरा।** समग्र शिक्षा माध्यमिक, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत चल रहे स्टेम इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के तहत जनपद में खान एकेडमी इंडिया के सहयोग से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के गणित एवं विज्ञान शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई। कार्यशाला में जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों से आए गणित और विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का संचालन खान एकेडमी के आगरा मंडल समन्वयक अमित शर्मा ने गणित और विज्ञान विषयों में विद्यार्थियों का स्तर बेहतर बनाने के लिए विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सत्यदेव ने जनपद को राज्य स्तरीय प्रगति सूची में तीसरा स्थान मिलने पर शिक्षकों को बधाई दी और विद्यार्थियों के हित में लगातार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर श्याम सुंदर, गौरव गर्ग आदि मौजूद रहे।

## दुर्घटना करने वाला चालक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 20 नवंबर 2025 को दुर्घटना में अज्ञात ट्रक चालक ने मां-बेटी सहित तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के दौरान मां की मौत हो गई थी। वांछित चल रहे वाहन चालक कमल किशोर निवासी मोहनपुर गर्शान थाना सैयां जिला आगर को शिखर मंदिर के सामने वृंदावन से गिरफ्तार किया है।




# सूफी गायक कैलाश खेर ने संत प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद



संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने केलीकुंज आश्रम पहुंचे सेफी गायक कैलाश खेर।

**यूनिक समय, वृंदावन।** सूफी गायक कैलाश खेर आज सुबह केलीकुंज आश्रम में संत प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे। उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज को मोरपंखी हार पहनाया। हाथ जोड़कर उन्हें प्रणाम किया। फिर बम लहरी गाना सुनाकर डांस किया। भक्ति गीत सुनकर और डांस देखकर प्रेमानंद महाराज खिलखिलाकर हंस पड़े। इससे पहले कल शाम को कैलाश खेर ने ठाकुर बांके बिहारी महाराज के दर्शन किए। वह ठाकुरजी की छवि को एकटक निहारते रहे।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान को जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशाला

# एचपीवी टीके से किशोरियों को मिलेगी कैंसर से सुरक्षा

## किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए नि:शुल्क वैक्सीन उपलब्ध



टीकाकरण अभियान को जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशाला में जानकारी देते जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव एवं अन्य अधिकारीगण।

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आईएमए हॉल में स्वास्थ्य विभाग, आईएमए एवं जेएसआई संस्था के संयुक्त तत्वावधान में अभिमुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने की।

कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा राजस्थान के अजमेर से शुरू की गई ऐतिहासिक स्वास्थ्य पहल के अंतर्गत 14 वर्ष तक की किशोरियों के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। आईएमए अध्यक्ष डॉ. बीएस गोयल ने बताया कि पहले यह वैक्सीन निजी चिकित्सालयों में उपलब्ध थी, लेकिन अधिक कीमत होने के कारण अधिकांश परिवार इसका लाभ नहीं उठा पाते थे। अब सरकार की पहल से सभी पात्र किशोरियों को निशुल्क टीका लगाया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रोहितास सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला महिला चिकित्सालय मथुरा में एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक जनपद के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 170 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वर्तिका, डॉ. अंजू गुप्ता सहित आदि उपस्थित रहे।

# बैटरियों से लदे ट्रक में लगी भीषण आग

## पुलिस और फायर ब्रिगेड की तत्परता से टला बड़ा हादसा


हाईवे पर धू-धूकर जलता ट्रक।

**यूनिक समय, चौमुहां, मथुरा।** दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर शुक्रवार को प्रातः एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तरंग सोसायटी के सामने दिल्ली-आगरा रोड चलते एक ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते पुलिस और दमकल विभाग ने आग को कंट्रोल कर लिया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

शुक्रवार की सुबह जैंत थाना पुलिस को पब्लिक से एक सूचना मिली कि ट्रक में अचानक आग लग गई है। आग की सूचना मिलते ही थाना जैंत पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया।

दमकल की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से ट्रक को हाईवे के किनारे खड़ा करवाया ताकि यातायात बाधित न हो।

हादसे के दौरान कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा, लेकिन पुलिस की तत्परता से यातायात को सुचारू रूप से बहाल कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि ट्रक को शरद पुत्र रूप सिंह निवासी बन्दपुरा, थाना जखौरा, जिला ललितपुर चला रहा था। संभवत ट्रक में हुए शॉर्ट सर्किट (स्पार्किंग) के कारण यह हादसा हुआ है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ट्रक में लदी लाखों रुपये की कीमत की बैटरियां जल गईं।

## एआरपी ने विद्यालयों में किया सपोर्टिव सुपरविजन

**यूनिक समय, बल्देव।** बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) गीता रावत ने विकास खंड बलदेव क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का भ्रमण कर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण (सपोर्टिव सुपरविजन) किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की सीखने की क्षमता, शिक्षण कार्य की गुणवत्ता तथा शिक्षकों द्वारा अपनाई जा रही शिक्षण विधियों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि प्रभावी शिक्षण पद्धति और बच्चों की निरंतर मॉनिटरिंग अत्यंत आवश्यक है। सभी शिक्षक विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति पर लगातार नजर रखें तथा कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दें, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। एआरपी ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देना चाहिए।






# भूमाफिया और कालोनाइजरों ने कब्जाया चक मार्ग


गांव रावल बांगर में चक मार्ग पर कब्जे को लेकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देते भाकियू हरपाल गुट के पदाधिकारी।

## भाकियू हरपाल गुट ने डीएम को सौंपा ज्ञापन राजस्व विभाग पर लगाए आरोप

## बाउंसर और गुंड़े धमका रहे किसानों को तहसील से नहीं हो रही कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** शुक्रवार को भाकियू हरपाल गुट के किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि गांव रावल बांगर के चक मार्ग पर भूमाफिया और कालोनाइजरों ने कब्जा लिया है। एसडीएम और तहसीलदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जबकि बाउसर और गुंड़े किसानों को धमका रहे हैं। डीएम को ज्ञापन देने आए किसानों ने बताया कि मौजा रावल बांगर में खसरा संख्या 20 में चक मार्ग दर्ज है। भूमाफिया और जमीन का कारोबार करने वालों ने इस चक मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया है, अब ऐसे लोग चक मार्ग को बेचना चाहते हैं। किसानों को निकलने भी नहीं दे रहे हैं।

किसान नेता रमेश चंद ने बताया कि संगठन आठ माह से तहसील महावन में शिकायत कर रहा है, चकबंदी से नाप हो गई है, जमीन चिन्हित हो गई है। बीते दिन नायब तहसीलदार चक मार्ग पर मेड़ डलवा रहे थे। आरोप है कि यह चक तीन किसानों के खेत से निकल रहा था, तभी एसडीएम और तहसीलदार ने टीम को वापस बुला लिया। इसके बाद भूमाफिया और गुंड़ों ने मेड़ को जेसीबी से तोड़ दिया और किसानों को धमकाया।

# कार से दो पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर दबोचे


नौहझील पुलिस की गिरफ्त में दो तस्कर हरियाणा मार्का शराब के साथ।

**यूनिक समय, मथुरा।** नौहझील पुलिस ने कार से शराब की तस्करी करने वाले दो तस्करों को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर उनकी कार से दो पेटी हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब बरामद की है।

नौहझील पुलिस निषादराज चौराहे पर रामपुर रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि कार से अवैध शराब लाई जा रही है। इस जानकारी पर पुलिस ने सतर्कता से वहां से गुजरने वाले वाहनों को चेक करना शुरू कर दिया। इसी दौरान वहां से आती एक वेगनआर कार को देख पुलिसकर्मियों ने कार को रोक लिया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार से दो पेटी हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने कार से शराब की तस्करी करने वाले अभियुक्त सोनू उर्फ भूरा निवासी राजागढ़ी और गजेंद्र निवासी महारामगढ़ी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जगदम्बा सिंह, उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक रोहित सिंह, उप निरीक्षक रजत गर्ग और पुलिस टीम हैं।

# किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

## पुलिस को दी गई तहरीर

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना कोसीकलां के एक गांव में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर खेत पर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस को तहीर दी गई है। गांव में घटना के बाद तनाव का माहौल है बताया गया कि एक नाबालिग किशोरी को गांव के दो युवक बहला-फुसलाकर खेत पर ले गए और उसके साथ दुराचार किया। इसके बाद उसे बदहवास हालत में छोड़ कर भाग गए। किशोरी जब किसी तरह घर पहुंची तो उसके परिवार के लोग उसे तुरंत थाने ले गए। परिवार के लोगों ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने घटना में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

## नशीले पदार्थ के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह तथा उपनिरीक्षक कुशलपाल सिंह ने तेजवीर सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी पडरारी थाना राया को दो किलो 560 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।

## केडी डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रीमियर लीग का शुभारम्भ

# खेल तन-मन को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा माध्यम: कुलपति


शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि केडी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी, प्राचार्या डॉ. नवप्रीत कौर तथा अन्य।

**यूनिक समय, मथुरा।** टेनिस बॉल क्रिकेट को बढ़ावा देने तथा छात्रों में खेल के प्रति अनुराग पैदा करने के लिए केडी डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में टेनिस बॉल सिक्स ए साइड क्रिकेट प्रीमियर लीग का शुभारम्भ मुख्य अतिथि केडी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल तन-मन को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा माध्यम हैं। डॉ. लाहौरी ने खिलाड़ियों से खेलभावना से खेलने का आह्वान किया।

प्रो-चांसलर मनोज अग्रवाल ने अपने संदेश में आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में यह माना गया है कि खेल स्वस्थ रहने का प्रभावी माध्यम हैं। खेल जब तक हमारी जीवनशैली का भाग रहेंगे, हम बीमार नहीं होंगे। इसी का परिणाम है कि निरोगी काया को ही उत्तम सुख माना गया है। कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी ने खिलाड़ियों का आह्वान किया कि स्वस्थ तन और प्रसन्न मन के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करें सफलता अवश्य मिलेगी।

टेनिस बॉल क्रिकेट सिक्स ए साइड प्रीमियर लीग के भव्य आयोजन में कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी नीरज छापड़िया अहम योगदान है। श्री छापड़िया ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

टेनिस बॉल क्रिकेट सिक्स ए साइड प्रीमियर लीग के शुभारम्भ अवसर पर केडी डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की प्राचार्या डॉ. नवप्रीत कौर ने कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जीवन पद्धति में खेलों का विशेष महत्व है। रामायण और महाभारत काल में भी खेल और शरीर को स्वस्थ रखने में व्यायाम के महत्व का कई स्थानों पर उल्लेख है। प्राचार्या डॉ. नवप्रीत कौर ने कहा कि हमारा लक्ष्य एक ऐसा मंच तैयार करना है जहां छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ खेल के भी पर्याप्त अवसर मिलें।

केडी डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के स्पोर्ट्स आफिसर डॉ. सोनू शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए आईपीएल की तर्ज पर ऑक्शन कर छह टीमों का चयन किया गया है जिसमें एक टीम शिक्षकों की भी है। उन्होंने बताया कि उद्घाटन मुकाबला स्टॉफ फाइटर और रॉयल डेंटल चैलेंजर्स के बीच खेला गया जिसमें स्टॉफ फाइटर ने शानदार जीत दर्ज की।

डॉ. सोनू शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन दो मुकाबले खेले जाएंगे तथा प्रतियोगिता का फाइनल 21 मई को खेला जाएगा। प्रतियोगिता के प्रत्येक मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जा रहा है। प्रतियोगिता के समापन पर सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज तथा प्लेयर ऑफ द सीरीज को पुरस्कृत किया जाएगा। इतना ही नहीं विजेता एवं उप-विजेता टीमों को टॉफी के साथ ही नकद पारितोषिक भी प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर डॉ. उमेश, डॉ. अजय नागपाल, डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. सिद्धार्थ सिंह सिसोदिया, डॉ. सोनल, डॉ. अनुज गौर, डॉ. राजीव, डॉ. प्रेरणा, डॉ. नेहा, डॉ. अनुश्री, मनीष मिश्रा, हेमंत, देवेश आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## पुरुषोत्तम मास में राधा मदन गोपाल मंदिर में होंगे उत्सव

**यूनिक समय, वृंदावन।** वीआईपी मार्ग स्थित ठाकुर राधा मदन गोपाल मंदिर (अद्वैत वट) में पुरुषोत्तम मास के दौरान कई उत्सव होंगे। मंदिर के आचार्य राजेश किशोर गोस्वामी ने बताया कि सनातन धर्म में पुरुषोत्तम मास (मलमास) का विशेष महत्व है। ठाकुर जी को शीतलता प्रदान करने के लिए भव्य 'चंदन यात्रा महोत्सव' होगा। सावन के सुंदर परिवेश को दर्शाते हुए 'झूलन महोत्सव' मनाया जाएगा। राधा जन्म महाभिषेक और श्रीकृष्ण जन्म महाभिषेक शामिल हैं। ब्रज की महिमा को प्रकट करते हुए गिरिराज महोत्सव, छप्पन भोग महोत्सव, भव्य फूल बंगला सेवा, ठाकुर जी का विवाह महोत्सव और अनूठा होलिकोत्सव भी मनाया जाएगा।

## तापमान / मौसम

41 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

41 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

## सोना-चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,62,260

22 कैरेट 1,49,000

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,87,432 प्रति किलो


**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालयः**- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

फोन नंबर-0565-2420150,

मो. 9837155888

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

## गंगा दशहरा को लेकर तैयारियां

# घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी कड़ी


गंगा दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते नगर आयुक्त जगप्रवेश।

### नगर आयुक्त ने घाटों और परिक्रमा मार्ग को दुरस्त करने के दिए निर्देश

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** गंगा दशहरा पर्व को लेकर नगर आयुक्त जग प्रवेश ने भूतेश्वर स्थित नगर निगम सभी संबंधित अधिकारियों एवं विभागों को दिशा–निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए सभी तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी नोडल अधिकारी अपने–अपने घाटों पर उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करें तथा किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने यमुना के दोनों किनारों पर बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, गोताखोर एवं स्टीमर की व्यवस्था सुनिश्चित करने, घाटों की साफ–सफाई, मरम्मत, सजावट एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था कराने, मुख्य अभियंता (निर्माण) को सभी घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग कराने के निर्देश देने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा गोताखोरों की तैनाती करने, गहरे जल वाले स्थानों पर चेतावनी संकेतक एवं सूचना बैनर लगाने, महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए पूर्णतः ढके हुए पृथक चेंजिंग रूम स्थापित करने, घाटों के दोनों ओर खोया–पाया शिविर स्थापित करने, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए टैंकर एवं मोबाइल टॉयलेट्स की व्यवस्था करने के निर्देश महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा को दिए। घाटों एवं संपर्क मार्गों पर वॉटर लॉगिंग की समस्या न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी को घाटों एवं उनसे जुड़े हुए मार्गों की उच्च कोटि की सफाई के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने घाटों एवं उनसे जुड़े मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए की अवर अभियंता लाइट को निर्देशित किया। नगर आयुक्त ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि घाटों एवं मार्गों पर किसी प्रकार के अवैध होर्डिंग एवं बैनर न लगे रहें। नगर आयुक्त ने पुरुषोत्तम मास को दृष्टिगत रखते हुए परिक्रमार्थियों की सुविधा के लिए परिक्रमा मार्ग पर रेत बिछाने के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के साथ पानी के छिड़काने के निर्देश दिए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही संपूर्ण परिक्रमा मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

नगर आयुक्त ने सभी घाटों एवं संपर्क मार्गों पर 24 घंटे उच्च स्तरीय सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा निरंतर चूना छिड़काव कराने के निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

बैठक में अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक, अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी, सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान, मुख्य अभियंता निर्माण संजय सिंह, महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा, सहायक अभियंता जल हमेंद्र गौतम, नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र यादव, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी महेश चंद्र, सहायक अभियंता शशांक सिंह, अवर अभियंता निर्माण अरुण कुमार, अवर अभियंता विद्युत यांत्रिकी शैलेश, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेश चंद्र, सफाई निरीक्षक राजकुमार लवानिया आदि उपस्थित थे।

## वृंदावन जाम मुक्ति अभियान

# नियम मानोगे तो सम्मान लापरवाही पर होगी कार्रवाई



प्रमुख संवाददाता


**यूनिक समय, वृंदावन।** मंदिरों की नगरी में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए युवा विवेक महाजन के साथ कदम ताल मिलाते हुए सिविल सोसायटी के प्रमुख लोग भी शामिल हो गए। जाम के लिए फेमस चौराहा और तिराहों पर खड़े होकर वृंदावन को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पदाधिकारियों का मकसद लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाना है। कहते हैं कि व्यवस्था बिगाड़ोगे तो टोकेंगे। नियम से चलोगे तो सम्मान मिलेगा। नियम से चलने वाले ई रिक्शा चलाने वालों को दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया जा रहा है। इस अनूठे अभियान को देखकर हर कोई तारीफ कर रहा है। यह उम्मीद लगाई जा रही है कि इस अभियान से कुछ तो सुधार होगा। इस अभियान में सीए कुलदीप अरोड़ा, शिक्षाविद अभय वशिष्ठ, सोहन सिंह सिसोदिया, शरण सिंह सिया, विवेक आचार्य, दीपक आचार्य, पवन ठाकुरस, गोविंद गोस्वामी, अमित गौतम एवं रवि यादव आदि शामिल हुए।

# राया में अंडा और मीट की दुकानें बंद कराने की मांग

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** 17 मई से प्रारम्भ हो रहे अधिकमास में ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग में संचालित हो रहीं मीट-अंडा की दुकानों और होटल को बंद कराने की मांग स्थनीय हिन्दू संगठन ने जिला प्रसाशन से की है। इसको लेकर राष्ट्रीय हनुमान दल ने एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी महावन और राया थाना प्रभारी को सौंपा है। राष्ट्रीय हनुमान दल के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र रावत ने कस्बा के हाथरस मथुरा मार्ग नेहरू पार्क के समीप मीट होटल एवं अंडा की ढकेल लगती हैं। इन दुकानों से ब्रज चौरासी कोस में परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होंगी। इस अवसर पर हनुमान दल के राकेश बंसल, विशाल पाराशर, देवेंद्र चौधरी, कुलदीप शात्री, हरिओम चौधरी, प्रदीप अग्रवाल, चन्द्रशेखर सिंह, रामप्रकाश शर्मा, टीकाराम शर्मा तथा भोलेशंकर आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय हनुमान दल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विशाल, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने चन्द्रशेखर

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** राष्ट्रीय हनुमान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंधु के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रावत ने रास्ट्रीय हनुमान दल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विशाल पाराशर को ब्रज क्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। वहीं जिला कोषाध्यक्ष कुलदीप शास्त्री को बल्देव विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। चन्द्रशेखर सिंह को राष्ट्रीय हनुमान दल के युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है।



## सुविचार

एक मीठा शब्द किसी का दिन रोशन कर सकता है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | अमावस्या | 05:11-01:30 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | भरणी | 08:14-05:30 तक | माह | ज्येष्ठ |
| सूर्योदय | | 5:34 AM | चन्द्रोदय | 4:36 AM |
| सूर्यास्त | | 6:57 PM | चंद्रास्त | 6:43 PM |
| सूर्य राशि | | वृषभ राशि | चंद्र | वृषभ राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:48AM -12:42 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 03:59-04:47 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 08:54 AM: 10:35 AM | वार | शनिवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### सतयुग के लोगों की शक्ति और उम्र चौंकाती है

# सतयुग के इंसान थे 32 फीट लंबे




### लोग जीते थे लाखों वर्षों तक उस युग में

### मनुष्य थे रोग और तनाव से पूरी तरह मुक्त

### हर युग के साथ घटती गई मानव क्षमता

### सतयुग में इच्छा मृत्यु का भी वर्णन मिलता है

### कलियुग में घट गई मनुष्य की औसत आयु

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय धर्मग्रंथों और पुराणों में चार युगों–सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग–का वर्णन मिलता है। मान्यता है कि हर युग के साथ मनुष्य की आयु, शक्ति, नैतिकता और शारीरिक क्षमता में कमी आती गई। इनमें सतयुग को सबसे श्रेष्ठ और पवित्र युग माना गया है। कहा जाता है कि उस समय पृथ्वी पर सत्य, धर्म और सात्विकता का प्रभाव सबसे अधिक था। इसी कारण उस युग के स्त्री–पुरुष आज के लोगों की तुलना में बेहद विशालकाय, तेजस्वी और दीर्घायु होते थे।

पुराणों के अनुसार, सतयुग के लोगों की लंबाई लगभग 21 हाथ यानी करीब 31 से 32 फीट तक होती थी। यदि आधुनिक माप में देखें तो यह लगभग 9 से 10 मीटर के बराबर है। यानी उस समय के मनुष्य तीन मंजिला इमारत जितने लंबे बताए गए हैं। माना जाता है कि उनकी हड्डियां अत्यंत मजबूत और शरीर दिव्य गुणों से युक्त था।

वायु पुराण, मत्स्य पुराण और लिंग पुराण में चारों युगों के अनुसार मनुष्यों की शारीरिक बनावट, आयु और शक्ति का वर्णन किया गया है। महाभारत में भी भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को बताया था कि सतयुग के लोग असाधारण क्षमताओं वाले होते थे। उनकी मानसिक शक्ति भी अत्यंत प्रबल मानी जाती थी।

MANNAT
GROUP
Building Your Vision. Creating Reality

सिर्फ लंबाई ही नहीं, सतयुग के लोगों की आयु भी आश्चर्यजनक बताई गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, उस युग में मनुष्य लगभग एक लाख वर्ष तक जीवित रहते थे। कहा जाता है कि वे रोग, तनाव और मानसिक अशांति से मुक्त रहते थे। उनका अधिकांश जीवन तप, ध्यान और आध्यात्मिक साधना में बीतता था।

मान्यता है कि सतयुग में प्रकृति पूरी तरह शुद्ध थी। जल, वायु और पृथ्वी में सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव अधिक था, जिससे लोगों का स्वास्थ्य उत्तम रहता था। उस समय के मनुष्यों को इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त होने जैसी कथाएं भी धर्मग्रंथों में मिलती हैं। महाभारत में भीष्म पितामह इसका प्रमुख उदाहरण माने जाते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जैसे–जैसे युग बदलते गए, वैसे–वैसे मनुष्य की ऊंचाई, आयु और शक्ति घटती चली गई। कलियुग में जहां औसत आयु 60 से 70 वर्ष रह गई है, वहीं भविष्य में इसके और कम होने की बात कही जाती है। यही कारण है कि सतयुग के मानवों का वर्णन आज भी लोगों को रहस्य और आश्चर्य से भर देता है।

## मंदिर खुलने व बंद होने का समय

- श्रीबांके बिहारीजी मंदिर में सुबह 8 .00 से दोपहर 01 .30 बजे तक और शाम 4 .00 से रात 9 .00 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्री गर्भगृह के दर्शन सुबह 6 .30 बजे से रात 9 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के भागवत भवन व अन्य मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक।
- द्वारकाधीश मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7 .30 बजे तक।

## कल का राशिफल

**मेष:** कल का दिन ऊर्जा से भरा रहेगा। कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

**वृषभ :** कल धन लाभ के संकेत हैं। पुराने रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। नौकरी में स्थिरता मिलेगी। खर्चों पर नियंत्रण जरूरी है। मानसिक शांति के लिए ध्यान और योग लाभकारी रहेगा।

**मिथुन :** कल नए अवसर मिल सकते हैं। करियर में प्रगति के योग हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं। वाणी पर संयम रखें।

**कर्क :** कल भावनात्मक रूप से थोड़ा उतार–चढ़ाव रह सकता है। परिवार में सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में धैर्य रखें। आर्थिक मामलों में सतर्क रहें।

**सिंह :** कल आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। नए लोगों से मुलाकात लाभकारी होगी। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। धन लाभ संभव है।

**कन्या:** कल कामकाज में व्यस्तता बढ़ सकती है। योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। तनाव से दूर रहें। खानपान पर ध्यान दें। छोटी गलतियों से बचने की आवश्यकता है।

**तुला :**कल भाग्य का साथ मिलेगा। रुके हुए कार्य पूरे होंगे। मित्रों से सहयोग मिलेगा। यात्रा लाभकारी हो सकती है। खर्च बढ़ सकते हैं, नियंत्रण जरूरी है। जीवनसाथी से संबंध अच्छे रहेंगे। मानसिक शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक :** कल मिश्रित परिणाम मिलेंगे। कार्यस्थल पर सतर्क रहें। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। किसी से विवाद हो सकता है, शांत रहें। परिवार में सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। धैर्य से काम लेना लाभकारी होगा।

**धनु :** कल का दिन शुभ रहेगा। करियर में नई सफलता मिल सकती है। पढ़ाई और कार्य में मन लगेगा। यात्रा के योग हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**मकर :** कल मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। परिवार में सुख रहेगा। तनाव कम होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जल्दबाजी से बचें और धैर्य रखें।

**कुंभ :** कल नए विचार सामने आएंगे। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक लाभ संभव है। यात्रा के योग बन सकते हैं।

**मीन :** कल का दिन शांतिपूर्ण रहेगा। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। नए अवसर मिल सकते हैं। भावनाओं पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

# तनाव में मुस्कुराने वाले लोग मानसिक रूप से मजबूत क्यों होते हैं?

**यूनिक समय, मथुरा।** आचार्य चाणक्य की नीति बताती है कि जो लोग कठिन परिस्थितियों में भी शांत और मुस्कुराते रहते हैं, वे मानसिक रूप से अधिक मजबूत होते हैं। ऐसे लोग किसी भी समस्या को तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय पहले उसे समझते हैं और फिर सही निर्णय लेते हैं। यही आदत उन्हें गलतियों से बचाती है और तनाव कम करती है। चाणक्य नीति के अनुसार आत्म–नियंत्रण एक बड़ी शक्ति है। जो व्यक्ति अपने गुस्से, डर और भावनाओं पर नियंत्रण रखता है, वह जीवन की किसी भी चुनौती का सामना बेहतर तरीके से कर सकता है। ऐसे लोग जानते हैं कि घबराहट से समस्या हल नहीं होती, बल्कि स्थिति और बिगड़ सकती है।

इसके अलावा, अनुभव, सीमित अपेक्षाएं और सकारात्मक सोच भी मानसिक मजबूती का आधार हैं। शांत लोग हर स्थिति को सीखने का अवसर मानते हैं और धैर्य के साथ आगे बढ़ते हैं, जिससे वे लंबे समय में सफल और स्थिर बने रहते हैं।

# गलत रंग के कपड़े पहनने से बिगड़ सकता है आपका पूरा दिन

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय संस्कृति में रंगों का हमेशा विशेष महत्व रहा है। त्योहारों से लेकर पूजा–पाठ और पहनावे तक हर रंग को किसी न किसी ऊर्जा और भावना से जोड़ा जाता है। ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के अनुसार सप्ताह का हर दिन किसी ग्रह और विशेष ऊर्जा को समर्पित माना जाता है। यही वजह है कि कई लोग दिन के अनुसार कपड़ों के रंग चुनना शुभ मानते हैं। माना जाता है कि सही रंग पहनने से मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है, जबकि गलत रंग कई बार मनोदशा और कार्यों पर नकारात्मक असर डाल सकते हैं। ज्योतिष शास्त्र में रंगों को ग्रहों की ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि व्यक्ति दिन के अनुसार शुभ रंग धारण करे, तो उसका मन अधिक शांत और आत्मविश्वासी रहता है। यही कारण है कि आज



के समय में भी बड़ी संख्या में लोग अपने दैनिक जीवन में "डे वाइज कलर" फॉर्मूला अपनाने लगे हैं।

सोमवार को चंद्रमा का दिन माना जाता है। इस दिन सफेद, क्रीम या हल्के रंग पहनना शुभ माना गया है। ये रंग शांति और मानसिक संतुलन प्रदान करते हैं। मंगलवार मंगल ग्रह का दिन होता है, इसलिए लाल, नारंगी और सिंदूरी रंग ऊर्जा, साहस और उत्साह का प्रतीक माने जाते हैं।

बुधवार को बुध ग्रह और भगवान गणेश से जोड़ा जाता है। इस दिन हरे रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार हरा रंग बुद्धि, तरक्की और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है। गुरुवार भगवान विष्णु और बृहस्पति ग्रह का दिन होता है। इस दिन पीला या हल्का संतरी रंग सौभाग्य और ज्ञान का प्रतीक माना गया है।

शुक्रवार को माता लक्ष्मी और शुक्रग्रह का प्रभाव माना जाता है। इस दिन गुलाबी, सफेद और चमकदार रंग पहनना शुभ माना गया है। यह प्रेम, आकर्षण और समृद्धि बढ़ाने वाला माना जाता है। शनिवार शनि देव का दिन है, इसलिए काला, गहरा नीला और बैंगनी रंग स्थिरता और सुरक्षा का प्रतीक माने जाते हैं। रविवार सूर्य देव का दिन होता है। इस दिन लाल, नारंगी और गोल्डन रंग पहनना आत्मविश्वास और सफलता से जोड़कर देखा जाता है। माना जाता है कि ये रंग व्यक्ति के व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाते हैं और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं।

विशेषज्ञ मानते हैं कि रंग केवल फैशन का हिस्सा नहीं, बल्कि मनोविज्ञान और ऊर्जा से भी जुड़े होते हैं। कई लोग सही रंगों को अपनाकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस करते हैं। हालांकि इसे आस्था और व्यक्तिगत विश्वास से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन मानसिक रूप से सकारात्मक महसूस करने में रंगों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है।

ऐसे में यदि आप भी अपने दिन को बेहतर और सकारात्मक बनाना चाहते हैं, तो सप्ताह के अनुसार शुभ रंगों को अपने पहनावे में शामिल कर सकते हैं। कई बार छोटी–छोटी चीजें भी जीवन में बड़ा बदलाव लाने का कारण बन जाती हैं।

## सम्पादकीय

# इलाज की कतारों में दम तोड़ता भरोसा

उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य तंत्र आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहां इलाज से ज्यादा चर्चा बदइंतजामी, लापरवाही और अव्यवस्था की होने लगी है। सरकारी अस्पतालों की लंबी कतारों में खड़ा आम आदमी दवा से पहले व्यवस्था की मार झेल रहा है। कभी ऑक्सीजन की कमी, कभी गंदगी, कभी डॉक्टरों की अनुपस्थिति और कभी जर्जर भवन–इन सबने मरीजों का भरोसा कमजोर किया है।

हाल के वर्षों में यूपी के कई जिलों से ऐसी तस्वीरें सामने आईं, जिन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। कहीं प्रसूता महिलाओं को स्ट्रेचर नहीं मिला, कहीं मरीजों को जमीन पर लेटकर इलाज कराना पड़ा, तो कहीं अस्पताल परिसर में फैली गंदगी संक्रमण का कारण बन गई। ग्रामीण इलाकों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की हालत तो और भी चिंताजनक है। कई अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है, जबकि उपकरण धूल फांकते नजर आते हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि योजनाएं बनती हैं, बजट भी आता है, लेकिन निगरानी की कमी पूरी व्यवस्था को खोखला कर देती है। वीआईपी दौरे से पहले अचानक सफाई अभियान चलना और दीवारों पर रंगरोगन होना यह साबित करता है कि असली समस्या संसाधनों की नहीं, बल्कि जवाबदेही की है। मरीज को अस्पताल में संवेदना चाहिए, लेकिन उसे अक्सर उपेक्षा मिलती है।



पवन गौतम
संपादक

स्कैन करें

**संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।**

यूपी जैसे विशाल राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौती आसान नहीं है। लाखों मरीज रोज सरकारी अस्पतालों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में यदि अस्पतालों की दीवारें टूटें, वार्डों में फंगस जमे और मशीनें खराब पड़ी रहें, तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि मानवीय असंवेदनशीलता भी है। जरूरत इस बात की है कि अस्पतालों में नियमित निरीक्षण की मजबूत व्यवस्था हो। डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति से लेकर साफ–सफाई और उपकरणों की गुणवत्ता तक हर स्तर पर जवाबदेही तय करनी होगी। केवल नई योजनाओं की घोषणा से स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं सुधरेगी, बल्कि जमीन पर ईमानदार क्रियान्वयन से बदलाव आएगा। स्वास्थ्य सेवाएं किसी सरकार की सबसे बड़ी परीक्षा होती हैं। उत्तर प्रदेश में यदि अस्पतालों की व्यवस्था सुधरती है, तभी आम आदमी का भरोसा भी लौटेगा। वरना इलाज की उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंचने वाला मरीज व्यवस्था की बीमारी का शिकार बनता रहेगा।

## नजरिया

# तिजोरियों के सोने पर सरकार की बढ़ती सख्ती

बोध प्रकाश सगुणी

भारत में सोना केवल एक कीमती धातु नहीं, बल्कि भावनाओं, परंपराओं और सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है। सदियों से भारतीय परिवार अपनी बचत को सोने के रूप में सुरक्षित रखते आए हैं। किसी बेटी की शादी हो, त्योहारों का उत्सव हो या कठिन समय के लिए आर्थिक सुरक्षा–सोना हर भारतीय घर की कहानी का हिस्सा रहा है। लेकिन अब यही सोना देश की अर्थव्यवस्था, सरकारी नीतियों और टैक्स व्यवस्था के केंद्र में आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील कि लोग फिलहाल नया सोना खरीदने से बचें, ने पूरे देश में नई बहस छेड़ दी है। लोग जानना चाहते हैं कि आखिर सरकार घर में कितना सोना रखने की अनुमति देती है और पुराने सोने पर क्या नियम लागू होते हैं।

भारत दुनिया के सबसे बड़े सोना उपभोक्ता देशों में शामिल है। हर साल अरबों डॉलर का सोना विदेशों से आयात किया जाता है। इसका सीधा असर देश के विदेशी मुद्रा भंडार और व्यापार घाटे पर पड़ता है। जब आयात बढ़ता है, तब देश से बड़ी मात्रा में पैसा बाहर जाता है। यही वजह है कि सरकार लगातार सोने के आयात को कम करने और लोगों को समझदारी से खरीदारी करने की सलाह देती रही है।

प्रधानमंत्री की अपील भी इसी आर्थिक चिंता से जुड़ी हुई है। वित्त वर्ष 2026 में भारत का सोना आयात लगभग 72 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह आंकड़ा बताता है कि भारतीयों का सोने के प्रति आकर्षण कितना गहरा है। सरकार मानती है कि यदि लोग अनावश्यक सोना खरीदने से बचें और पुराने आभूषणों का उपयोग बढ़ाएं, तो आयात कम किया जा सकता है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। लेकिन भारत में सोना केवल आर्थिक विषय नहीं है। यहां सोना भावनात्मक और सांस्कृतिक विरासत भी है। ग्रामीण इलाकों में महिलाएं आज भी बैंक से ज्यादा भरोसा सोने पर करती हैं। मध्यम वर्ग के लिए यह भविष्य की सुरक्षा है, जबकि अमीर वर्ग इसे निवेश और प्रतिष्ठा का साधन मानता है। यही कारण है कि जब भी सरकार सोने को लेकर कोई सख्ती दिखाती है, लोगों में चिंता बढ़ जाती है।

सबसे ज्यादा चर्चा सीबीडीटी यानी केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के उस पुराने परिपत्र की हो रही है, जिसे 11 मई 1994 को जारी किया गया था। इस परिपत्र में आयकर अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि आयकर छापों के दौरान एक निश्चित सीमा तक सोने के आभूषण जब्त न किए जाएं। विवाहित महिलाओं के लिए 500 ग्राम, अविवाहित महिलाओं के लिए 250 ग्राम और पुरुषों के लिए 100 ग्राम तक सोना सामान्य परिस्थितियों में जब्त नहीं किया जाएगा। हालांकि लोग अक्सर इस नियम को गलत तरीके से समझ लेते हैं। यह सोना रखने की अधिकतम कानूनी सीमा नहीं है। इसका मतलब केवल इतना है कि छापेमारी के दौरान इतनी मात्रा तक के आभूषणों को सामान्य परिस्थितियों में नहीं छुआ जाएगा। यदि किसी व्यक्ति के पास इससे अधिक सोना है और वह उसका वैध स्रोत बता सकता है, तो उसे परेशानी नहीं होगी। यहीं पर सबसे महत्वपूर्ण सवाल उठता है–वैध स्रोत क्या है? दरअसल सरकार अब यह जानना चाहती है कि आपके पास मौजूद सोना आखिर आया कहां से। यदि आपने सोना खरीदा है, तो उसका बिल होना चाहिए। यदि वह विरासत में मिला है, तो उसके संबंध में परिवार या संपत्ति के दस्तावेज होने चाहिए। यदि आपने आयकर रिटर्न में उसका उल्लेख किया है, तो भी समस्या नहीं होती। लेकिन यदि कोई व्यक्ति सोने का स्रोत नहीं बता पाता, तब आयकर विभाग कार्रवाई कर सकता है। आज के दौर में केवल सोना खरीदना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके दस्तावेज सुरक्षित रखना भी जरूरी हो गया है। पहले लोग बिना बिल के गहने खरीदना सामान्य बात मानते थे। उन्हें लगता था कि इससे टैक्स बच जाएगा। लेकिन अब सरकार डिजिटल भुगतान, जीएसटी और बैंकिंग निगरानी के जरिए हर बड़े लेन–देन पर नजर रख रही है। ऐसे में बिना दस्तावेज के सोना रखना जोखिम भरा साबित हो सकता है।

सोने की बढ़ती कीमतों ने भी बाजार की चिंता बढ़ा दी है। आयात शुल्क बढ़ने के कारण सोने के दाम लगातार ऊपर जा रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्ग पर पड़ा है।



पहले जहां शादी–ब्याह में भारी गहने खरीदना सामान्य माना जाता था, वहीं अब लोग हल्के और कम कैरेट वाले आभूषणों की ओर बढ़ रहे हैं।

ज्वेलरी उद्योग भी बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की कोशिश कर रहा है। कई कंपनियां पुराने सोने के बदले नया आभूषण देने वाली योजनाओं को बढ़ावा दे रही हैं। इससे ग्राहकों को भी राहत मिलती है और बाजार में नए आयात की जरूरत भी कम होती है। अब लोग पुराने गहनों को पिघलाकर नए डिजाइन बनवाने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं।

एक समय था जब भारतीय ग्राहक केवल 22 कैरेट सोने को ही शुद्धता और प्रतिष्ठा का प्रतीक मानते थे। लेकिन अब 18 कैरेट और हल्के वजन वाले गहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। युवा पीढ़ी भारी पारंपरिक आभूषणों की जगह फैशनेबल और रोजमर्रा में पहनने योग्य डिजाइन पसंद कर रही है। यह बदलाव केवल फैशन का नहीं, बल्कि आर्थिक सोच का भी संकेत है।

इसके अलावा डिजिटल गोल्ड, गोल्ड ईटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जैसी योजनाओं ने भी निवेश के तरीके बदल दिए हैं। नई पीढ़ी अब घर में भारी मात्रा में सोना रखने की बजाय डिजिटल विकल्पों को सुरक्षित और सुविधाजनक मानने लगी है। इससे चोरी, रखरखाव और शुद्धता जैसी चिंताएं भी कम हो जाती हैं।

फिर भी यह सच है कि भारत में सोने की मांग पूरी तरह खत्म नहीं हो सकती। शादी और त्योहारों के साथ इसका रिश्ता इतना गहरा है कि लोग किसी भी परिस्थिति में थोड़ी–बहुत खरीदारी करते ही रहेंगे। भारतीय समाज में आज भी माता–पिता बेटियों के लिए सोना जोड़ना अपना कर्तव्य मानते हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तो कई परिवारों के लिए सोना "इमरजेंसी फंड" जैसा काम करता है।

लेकिन अब समय बदल रहा है। सरकार चाहती है कि लोग केवल परंपरा के नाम पर जरूरत से ज्यादा सोना न खरीदें। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए यह जरूरी माना जा रहा है कि निवेश का पैसा उद्योग, व्यापार और उत्पादक क्षेत्रों में जाए। यदि लोग अपनी बचत केवल सोने में बंद रखेंगे, तो अर्थव्यवस्था में पूंजी का प्रवाह सीमित हो जाएगा।

सोने के प्रति भारतीयों का आकर्षण कभी पूरी तरह खत्म नहीं होगा, लेकिन खरीदारी का तरीका जरूर बदल सकता है। आने वाले समय में लोग हल्के गहनों, पुराने सोने के पुनः उपयोग और डिजिटल निवेश की ओर ज्यादा बढ़ सकते हैं। यह बदलाव न केवल आर्थिक मजबूरी है, बल्कि नई पीढ़ी की बदलती सोच का भी परिणाम है।

सरकार की सख्ती का उद्देश्य लोगों को परेशान करना नहीं, बल्कि आर्थिक पारदर्शिता बढ़ाना और गैर जरूरी आयात कम करना है। वहीं लोगों की जिम्मेदारी यह है कि वे अपनी बचत और निवेश को समझदारी से संभालें। यदि सोना खरीदें, तो उसके दस्तावेज सुरक्षित रखें और वैध लेन–देन करें।

आखिरकार भारत में सोना केवल धातु नहीं, बल्कि विश्वास और परंपरा की चमक है। लेकिन अब इस चमक को जिम्मेदारी और आर्थिक समझदारी के साथ संतुलित करना समय की सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है।

## विचार विण्डो

# ड्रैगन संग ट्रंप का डांस, दिल्ली की बढ़ती कूटनीतिक बेचैनी

राम प्रकाश शर्मा

दुनिया की राजनीति सचमुच बड़ी विचित्र चीज है। यहां दुश्मनी भी स्थायी नहीं होती और दोस्ती भी हमेशा के लिए नहीं निभाई जाती। अंतरराष्ट्रीय रिश्तों में भावनाओं से ज्यादा महत्व हितों का होता है। यही कारण है कि कल तक एक–दूसरे पर आरोप लगाने वाले देश आज हाथ मिलाते दिखाई देते हैं और जो देश कभी रणनीतिक साझेदार कहलाते थे, वे अचानक दूरी बनाते नजर आते हैं। अमेरिका और चीन के बीच हाल के दिनों में बढ़ती नजदीकियां इसी बदलती वैश्विक राजनीति का नया उदाहरण बनती जा रही हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार मुस्कुराहटों के पीछे व्यापार, तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और खरबों डॉलर का खेल छिपा हुआ है।

1972 में जब अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन चीन पहुंचे थे, तब पूरी दुनिया हैरान रह गई थी। जिस चीन को अमेरिका वर्षों तक कम्युनिस्ट खतरा बताता रहा, उसी चीन के साथ अचानक दोस्ती क्यों? असल वजह सोवियत संघ था। अमेरिका को रूस को घेरना था और चीन को सुरक्षा की जरूरत थी। दोनों ने अपने पुराने मतभेदों को कुछ समय के लिए किनारे रख दिया। उस एक मुलाकात ने दुनिया की राजनीति बदल दी। आगे चलकर चीन दुनिया की फैक्ट्री बना और अमेरिका उसका सबसे बड़ा बाजार। अब 2026 में इतिहास जैसे खुद को दोहराता नजर आ रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार लड़ाई साम्यवाद और पूंजीवाद की नहीं, बल्कि "डेटा बनाम डेटा" और "चिप बनाम चिप" की है। पहले युद्ध की पहचान टैंक और मिसाइलें होती थीं, अब सेमीकंडक्टर और एआई नई ताकत बन चुके हैं। जिस देश के पास तकनीक होगी, वही आने वाले समय में दुनिया की दिशा तय करेगा।

दिलचस्प बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप वही नेता हैं जिन्होंने अपने पहले कार्यकाल में चीन के खिलाफ सबसे आक्रामक रवैया अपनाया था। उन्होंने चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए, भारी टैरिफ लगाए और चीन को अमेरिकी नौकरियां छीनने वाला सबसे बड़ा आर्थिक खतरा बताया। लेकिन अब वही ट्रंप बीजिंग पहुंचकर शी जिनपिंग की तारीफ करते दिखाई दे रहे हैं। यह दृश्य वैसा ही लगता है जैसे मोहल्ले के दो कट्टर दुश्मन अचानक किसी शादी में गले मिलते दिखाई दें और लोग सोचने लगें कि आखिर पर्दे के पीछे कौन–सा सौदा हुआ है। असलियत यह है कि अमेरिका और चीन दोनों एक–दूसरे के प्रतिद्वंद्वी भी हैं और जरूरत भी। अमेरिका चीन को रोकना चाहता है, लेकिन उसकी बड़ी कंपनियां चीन के विशाल बाजार के बिना अधूरी हैं। वहीं चीन अमेरिका को चुनौती देना चाहता है, लेकिन अमेरिकी ग्राहकों



और डॉलर आधारित वैश्विक बाजार के बिना उसकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। यही कारण है कि दोनों देश लड़ते भी हैं और बातचीत भी जारी रखते हैं। ट्रंप की राजनीति को समझना भी आसान नहीं है। एक दिन वे चीन को दुनिया के लिए खतरा बताते हैं, दूसरे दिन दोस्ती की बात करते नजर आते हैं। कभी ईरान को खत्म घोषित करते हैं, तो कभी चीन से ईरान मुद्दे पर सहयोग मांगते दिखाई देते हैं। कभी व्यापार युद्ध छेड़ते हैं, तो कभी समझौतों की मेज पर बैठ जाते हैं। दुनिया कई बार यह समझ ही नहीं पाती कि ट्रंप युद्ध चाहते हैं, व्यापार चाहते हैं या सिर्फ वैश्विक सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं। दरअसल ट्रंप विदेश नीति को भी व्यापारिक सौदे की तरह देखते हैं। जहां फायदा दिखा, वहां दोस्ती का हाथ बढ़ा दिया और जहां नुकसान महसूस हुआ, वहां टैरिफ का हथौड़ा चला दिया। यही कारण है कि अमेरिका की नीति अब आदर्शवाद से ज्यादा सौदेबाजी जैसी दिखाई देने लगी है। लोकतंत्र, मानवाधिकार और वैश्विक नैतिकता जैसी बातें अब उतनी प्रमुख नहीं रहीं, जितना आर्थिक हित और तकनीकी बढ़त महत्वपूर्ण हो चुकी है। आज अमेरिका और चीन के बीच सबसे बड़ा युद्धक्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर बन चुका है। अमेरिका नहीं चाहता कि चीन अत्याधुनिक चिप तकनीक में उससे आगे निकल जाए। वहीं चीन तेजी से आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका ने चीन पर तकनीकी प्रतिबंध लगाए, तो चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स का हथियार निकाल लिया। स्थिति ऐसी हो गई है जैसे दो क्रिकेट टीमें एक–दूसरे के बल्ले छिपाकर मैच जीतने की कोशिश कर रही हों। इस पूरे घटना क्रम में भारत की स्थिति सबसे ज्यादा दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका ने भारत को इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में अपना अहम रणनीतिक साझेदार बताया। चतुष्कोणीय समूह, रक्षा समझौते, तकनीकी सहयोग और चीन को संतुलित करने की रणनीति में भारत को विशेष महत्व दिया गया। नई दिल्ली को यह भरोसा दिलाया गया कि वह एशिया में अमेरिका का सबसे भरोसेमंद सहयोगी बन रहा है। लेकिन अब ट्रंप का अचानक चीन की ओर झुकाव भारत की चिंता बढ़ा सकता है। नई दिल्ली को यह डर सताने लगा है कि कहीं अमेरिका ने चीन के साथ कोई नया रणनीतिक संतुलन बनाने का फैसला तो नहीं कर लिया। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में यह कोई नई बात नहीं है। बड़े देश अक्सर अपने हितों के अनुसार छोटे और मध्यम देशों का उपयोग रणनीतिक संतुलन के लिए करते हैं। भारत की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह चीन को नजरअंदाज भी नहीं कर सकता और अमेरिका पर पूरी तरह निर्भर भी नहीं हो सकता। चीन पड़ोसी है, सीमा विवाद है और व्यापारिक संबंध भी गहरे हैं। दूसरी ओर अमेरिका तकनीक, निवेश और वैश्विक समर्थन का बड़ा स्रोत है। ऐसे में भारत की "मल्टी–अलाइनमेंट" नीति अब असली परीक्षा से गुजर रही है। भारत को अब यह समझना होगा कि किसी भी महाशक्ति की दोस्ती स्थायी नहीं होती। दुनिया अब भावनाओं से नहीं, बल्कि सप्लाई चेन, तकनीक और आर्थिक ताकत से चल रही है। यदि भारत को भविष्य में मजबूत भूमिका निभानी है, तो उसे रक्षा, सेमीकंडक्टर, एआई और तकनीकी आत्मनिर्भरता पर तेजी से काम करना होगा। ट्रंप और शी जिनपिंग की मुस्कुराहटें जितनी गर्म दिखाई देती हैं, उनके पीछे उतनी ही ठंडी रणनीतियां छिपी हुई हैं। दोनों देश दोस्ती का प्रदर्शन भी करेंगे और प्रतिस्पर्धा की तलवार भी चमकाते रहेंगे। यह नया शीत युद्ध है, जहां मिसाइलों से ज्यादा महत्व माइक्रोचिप्स का और सैनिकों से ज्यादा अहमियत डेटा इंजीनियरों की हो चुकी है।

## क्या 2027 वर्ल्ड कप से पहले संन्यास लेंगे कोहली?

# काबिलियत साबित करनी पड़े तो नहीं खेलूंगा : विराट कोहली



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर और 2027 वनडे वर्ल्ड कप को लेकर बड़ा बयान देकर क्रिकेट जगत में नई बहस छेड़ दी है। विराट ने साफ कहा कि अगर उन्हें अपनी जगह बनाए रखने के लिए बार-बार खुद को साबित करना पड़े, तो शायद वह उस माहौल का हिस्सा नहीं बनना चाहेंगे। उनके इस बयान के बाद फैंस के बीच सवाल उठने लगे हैं कि क्या विराट 2027 वनडे विश्व कप में खेलेंगे भी या नहीं।

आरसीबी पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान विराट कोहली ने कहा कि वह हमेशा टीम के लिए खेलने को तैयार रहते हैं, लेकिन अगर किसी खिलाड़ी को लगातार अपनी काबिलियत साबित करने की जरूरत महसूस हो, तो यह स्थिति सही नहीं मानी जा सकती। उनके इस बयान को कई लोग चयन प्रक्रिया और बढ़ती प्रतिस्पर्धा की ओर इशारा मान रहे हैं। 37 वर्षीय विराट फिलहाल सिर्फ वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने 2024 टी-20 विश्व कप जीतने के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया। अब उनका पूरा फोकस वनडे प्रारूप पर है। हालांकि, 2027 विश्व कप तक उनकी उम्र 39 साल के करीब होगी, इसलिए उनकी फिटनेस और टीम में जगह को लेकर लगातार चर्चा बनी हुई है। आईपीएल 2026 में विराट शानदार फॉर्म में नजर आए हैं। उन्होंने 12 पारियों में 484 रन बनाकर साबित किया है कि उनकी बल्लेबाजी में अब भी वही धार मौजूद है। ऑरेंज कैप की दौड़ में भी वह शीर्ष खिलाड़ियों में

### भविष्य को लेकर कोहली के बयान ने बढ़ाई चर्चाएं

शामिल हैं। यही वजह है कि फैंस चाहते हैं कि विराट 2027 वर्ल्ड कप तक खेलते रहें। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि विराट का अनुभव और बड़े मैचों में प्रदर्शन भारतीय टीम के लिए बेहद अहम है। हालांकि, आने वाले समय में टीम मैनेजमेंट युवाओं को ज्यादा मौके देता है या अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा कायम रखता है, यह देखना दिलचस्प होगा। विराट कोहली का यह बयान फिलहाल क्रिकेट जगत में चर्चा का बड़ा विषय बन गया है। अब सभी की नजर इस बात पर रहेगी कि क्या भारतीय क्रिकेट का यह दिग्गज बल्लेबाज 2027 विश्व कप तक मैदान में दिखाई देगा या नहीं।






## 'वेलकम टू द जंगल' का टीजर रिलीज

# अक्षय कुमार समेत 30 सितारे फिल्म में आए नजर




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का धमाकेदार टीजर आखिरकार रिलीज हो गया है। लंबे समय से इस फिल्म का इंतजार कर रहे फैंस को अब हंसी और मनोरंजन का बड़ा डोज मिलने वाला है। निर्देशक अहमद खान की इस मल्टीस्टारर फिल्म में 30 से ज्यादा कलाकार नजर आने वाले हैं, जिसकी झलक टीजर में साफ दिखाई दी। टीजर में अभिनेता अक्षय कुमार अपने पुराने कॉमिक अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। उनकी जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग ने एक बार फिर दर्शकों को हंसाने का काम किया है। फिल्म में संजय दत्त, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी


### टीजर में दिखा हंसी, एक्शन और मस्ती का तड़का

और परेश रावल जैसे बड़े सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

इसके अलावा रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी, उर्वशी रौतेला, जॉनी लीवर, राजपाल यादव, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और फैंस को फुल एंटरटेनमेंट देने का वादा कर रही है।

# फिल्म 'जेलर 2' सेट पर बड़ा हादसा, युवक की मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जेलर 2' के सेट पर दर्दनाक हादसा हो गया। चेन्नई के पनैयूर इलाके स्थित एक निजी स्टूडियो में शूटिंग की तैयारी के दौरान 28 वर्षीय कार्तिकेयन की करंट लगने से मौत हो गई। वह फिल्म के आर्ट डिपार्टमेंट में काम कर रहा था और घर जैसा सेट तैयार कर रहा था। प्रारंभिक जांच में बिजली लीकेज की आशंका जताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद सेट पर मौजूद लोगों ने कार्तिकेयन को बचाने की कोशिश की, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद फिल्म यूनिट में शोक का माहौल है। कनाथुर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि सेट पर सुरक्षा मानकों में कहीं लापरवाही तो नहीं हुई। फिलहाल किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। बता दें कि 'जेलर' का पहला भाग



### शूटिंग सेट पर करंट लगने से गई जान


### रजनीकांत की फिल्म के दौरान मचा हड़कंप

2023 में रिलीज हुआ था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की थी। अब फैंस इसकी दूसरी कड़ी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# असली पुलिस अफसर पर बनी है 'इंस्पेक्टर अविनाश' की कहानी

### रणदीप हुड्डा ने निभाया यूपी पुलिस अफसर का किरदार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' आखिरकार ओटीटी पर रिलीज हो गई है और एक बार फिर दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। इस सीरीज में अभिनेता रणदीप हुड्डा ने एक दमदार पुलिस अफसर का किरदार निभाया है, जो अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई करता नजर आता है। खास बात यह है कि यह कहानी पूरी तरह काल्पनिक नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के वास्तविक पुलिस अधिकारी अविनाश मिश्रा की जिंदगी से प्रेरित बताई जाती है। सीरीज में 90 के दशक के यूपी में बढ़ते अपराध, गैंगवार और हथियार तस्करी की दुनिया को



दिखाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक नीरज पाठक ने असली इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा से मुलाकात कर उनकी जिंदगी पर रिसर्च की थी। रणदीप हुड्डा ने अपने किरदार को वास्तविक बनाने के लिए यूपी पुलिस अधिकारियों से बातचीत की, उनकी बॉडी लैंग्वेज और काम करने के तरीके को समझा। यही वजह है कि दर्शकों को उनका अभिनय बेहद वास्तविक और प्रभावशाली लग रहा है।

# जावेद जाफरी परिवार से करोड़ों की ठगी, एक गिरफ्तार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अभिनेता जावेद जाफरी के परिवार के साथ करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आने से मुंबई में हड़कंप मच गया है। उनकी पत्नी हबीबा जाफरी से 16.24 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में मुंबई क्राइम ब्रांच ने कारोबारी निशित पटेल को गिरफ्तार किया है। इस मामले में बीएमसी के एक सहायक आयुक्त समेत कुल 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने खुद को बड़े बिल्डरों और सरकारी अधिकारियों से जुड़ा बताकर परिवार को निवेश के लिए फंसाया। आरोप है कि फर्जी कमर्शियल प्रोजेक्ट, नकली दस्तावेज और झूठे आश्वासन दिखाकर

### फर्जी प्रोजेक्ट दिखाकर 16 करोड़ से ज्यादा ऐंठे

### बीएमसी अधिकारी समेत 6 लोगों पर केस दर्ज

करोड़ों रुपये अलग-अलग कंपनियों के खातों में ट्रांसफर कराए गए।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने घर पहुंचकर नकली रजिस्ट्री प्रक्रिया तक पूरी करवाई। बाद में दिए गए दस्तावेज फर्जी निकले। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और आशंका जताई जा रही है कि इसी तरह अन्य लोगों से भी ठगी की गई हो सकती है।

# अंपायर से बदसलूकी पर पोलार्ड पर टूटा जुर्माने का कहर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच कीरोन पोलार्ड मुश्किलों में घिर गए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान फोर्थ अंपायर के साथ कथित बदसलूकी करने पर मैच रेफरी ने उन पर कड़ी कार्रवाई की है। पोलार्ड पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है, साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है।

यह घटना मुंबई इंडियंस की पारी के 19वें ओवर के दौरान हुई, जब पोलार्ड किसी फैसले को लेकर नाराज दिखाई दिए। बताया जा रहा है कि उन्होंने फोर्थ अंपायर के साथ तीखी बहस की और अपशब्दों का इस्तेमाल किया। आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के बाद मैच अधिकारियों ने तुरंत मामले को गंभीरता से लिया और कार्रवाई की




घोषणा कर दी।

धर्मशाला में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हराया। हालांकि यह जीत मुंबई के लिए ज्यादा मायने नहीं रखती, क्योंकि टीम पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। अब मुंबई की कोशिश अपने बचे हुए मैच जीतकर सम्मानजनक तरीके से टूर्नामेंट खत्म करने की है।

मैच में मुंबई इंडियंस की जीत के सबसे बड़े हीरो तिलक वर्मा रहे। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों में नाबाद 75 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने 6 चौके और 6 छक्के जड़े। तिलक के अलावा रायन रिकल्टन ने

### पंजाब मैच में फोर्थ अंपायर से भिड़े पोलार्ड

### मैच फीस काटी गई मिला डिमेरिट अंक भी

भी तेज शुरुआत देते हुए 23 गेंदों में 48 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों की मदद से मुंबई ने आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

दूसरी ओर पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 200 रन बनाए थे। प्रभसिमरन सिंह ने 57 रन की शानदार पारी खेली, जबकि अजमत ओमरजई ने तेज 38 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई की ओर से गेंदबाजी में शार्दुल ठाकुर ने सबसे ज्यादा 4 विकेट हासिल किए।

# पेट्रोल संकट के बीच नेता साइकिल और ई–रिक्शा से निकले

**यूनिक समय, लखनऊ।** पेट्रोल–डीजल की बढ़ी कीमतों और ईंधन संकट के बीच उत्तर प्रदेश में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का बदला हुआ अंदाज देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत अपील के बाद कई भाजपा विधायक, मंत्री और अधिकारी अब साइकिल, ई–रिक्शा और इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। रामपुर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने चार ई–रिक्शा खरीदकर लोगों को नया संदेश दिया है।

वहीं गोरखपुर सांसद रवि किशन ने सांसद विजय दुबे के साथ इलेक्ट्रिक कार में कार पूलिंग की। लखनऊमें मंत्री दानिश आजाद बुलेट बाइक से


रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ई—रिक्शा से कार्यालय जाते हुए।

सचिवालय पहुंचे तो फिरोजाबाद के डीएम अपने स्टाफ के साथ पैदल कार्यालय पहुंचे। प्रयागराज के महापौर


प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी साइकिल से पहुंचे नगर निगम कार्यालय

गणेश केसरवानी और मुरादाबाद कमिश्नर ने भी साइकिल चलाकर ईंधन बचाने की अपील की।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाराजगंज में कहा कि पश्चिम एशिया के युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ा


लखनऊ में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद फ्लीट छोड़कर बुलेट से सचिवालय पहुंचे।

है और ऐसे समय में हर नागरिक को सरकार के साथ खड़ा रहना चाहिए। सरकार ने ऊर्जा बचाने के लिए कई


फिरोजाबाद डीएम अपने पूरे स्टाफ के साथ करीब एक किमी. पैदल चलकर ऑफिस पहुंचे।

फैसले लागू किए हैं, जिनमें वीआईपी काफिले कम करना और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना शामिल है।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

# अवमानना याचिका की खारिज



**यूनिक समय, प्रयागराज।** प्रयागराज में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ दायर अवमानना याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा कोई मामला नहीं बनता, जिससे कोर्ट की अवमानना साबित हो सके। हालांकि, हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जमानत की शर्तों का उल्लंघन हुआ है तो संबंधित पक्ष जमानत निरस्तीकरण याचिका दाखिल कर सकता है।

यह याचिका आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज की ओर से दायर की गई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि पॉक्सो मामले में अग्रिम जमानत मिलने के बाद भी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके

### कोर्ट बोला— जमानत रद्द कराने का विकल्प खुला

शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी सार्वजनिक सभाएं और यात्राएं कर रहे हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

याचिका में यह भी दावा किया गया कि मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए मामलों को राजनीतिक साजिश बताकर भ्रम फैलाया जा रहा है। साथ ही आशुतोष ब्रह्मचारी ने धमकियां मिलने और जानलेवा हमले का भी आरोप लगाया।

सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अवमानना की कार्रवाई उचित नहीं है और याचिका को खारिज कर दिया।

## गैस कनेक्शन ट्रांसफर हुआ अब बेहद आसान

**यूनिक समय, आगरा।** एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। अब गैस कनेक्शन को अपने नाम ट्रांसफर कराना पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है। नई व्यवस्था के तहत परिजन की मृत्यु होने पर या किसी अन्य व्यक्ति के नाम का कनेक्शन इस्तेमाल करने वाले लोग भी नियमों के अनुसार आसानी से नामांतरण करा सकेंगे।

जिला पूर्ति विभाग के अनुसार, अब रक्त संबंधियों को कनेक्शन ट्रांसफर कराने के लिए नई सिक्योरिटी राशि जमा नहीं करनी होगी। पुरानी प्रतिभूति राशि पर ही कनेक्शन उनके नाम हो जाएगा। इससे लाखों परिवारों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

वहीं जो लोग किसी गैर–रिश्तेदार के नाम का गैस कनेक्शन इस्तेमाल कर रहे हैं, वे भी निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर उसे अपने नाम करा सकेंगे। ऐसे मामलों में केवल पुरानी और वर्तमान सिक्योरिटी राशि का अंतर जमा करना होगा।

# पांच दिन में चार बच्चों की किलकारी, डॉक्टर भी हैरान



**यूनिक समय, मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक बेहद दुर्लभ और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। संभल जिले की 31 वर्षीय अमीना ने पांच दिनों के भीतर चार बच्चों को जन्म दिया। सबसे खास बात यह रही कि इतने हाई रिस्क मामले में भी चारों बच्चों की डिलीवरी सामान्य तरीके से हुई, जिसे देखकर डॉक्टर भी हैरान रह गए।

जानकारी के अनुसार, अमीना को प्रसव पीड़ा होने पर 8 मई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अगले दिन उन्होंने पहले बेटे को जन्म दिया, जिसका वजन लगभग 710 ग्राम था। इसके बाद डॉक्टरों ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए बाकी बच्चों की डिलीवरी कुछ दिनों तक रोक दी। लगातार निगरानी और उपचार के बाद 14 मई को महिला ने फिर एक बेटे

### मुरादाबाद में महिला ने दिया चार बच्चों को जन्म

### हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में हुई सामान्य डिलीवरी

और दो बेटियों को जन्म दिया।

डॉक्टरों के मुताबिक गर्भ में पल रहे चारों बच्चे अलग–अलग थैली में थे, जो इस मामले को और भी दुर्लभ बनाता है। गर्भावस्था के दौरान महिला को लीवर और ब्लड प्रेशर से जुड़ी परेशानियां भी थीं। फिलहाल मां और चारों नवजात डॉक्टरों की निगरानी में सुरक्षित हैं। परिवार ने अस्पताल और डॉक्टरों की टीम का आभार जताया है।

# तालाब में डूबीं दो बहनें गांव में पसरा मातम

**यूनिक समय, अयोध्या।** अयोध्या के अमानीगंज क्षेत्र में दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। डूड़ी गांव में तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार और गांव में कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक, बबलू रैदास की बेटियां नैनी (8) और सुनैनी (5) अपनी एक अन्य बहन के साथ घर के पास स्थित तालाब में नहाने गई थीं। इसी दौरान दोनों बहनें गहरे पानी में डूबने लगीं। साथ मौजूद तीसरी बहन ने चीखकर लोगों को बुलाया। ग्रामीण तुरंत

### परिवार का रो—रोकर बुरा हाल, पुलिस जांच शुरू

मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चियों को तालाब से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की खबर फैलते ही गांव में भारी भीड़ जमा हो गई और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया।

सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।


# ब्राह्मण टिप्पणी पर मायावती ने घेरा सपा को

**यूनिक समय, लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने सपा प्रवक्ता की ब्राह्मण समाज पर की गई टिप्पणी को लेकर अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस बयान से ब्राह्मण समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है, इसलिए सपा नेतृत्व को तुरंत माफी मांगनी चाहिए।मायावती ने कहा कि विवादित बयान के बाद भी सपा नेतृत्व की चुप्पी मामले को और गंभीर बना रही है। उनके अनुसार, समाज में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए अखिलेश यादव को सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना और पश्चाताप करना चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी हमेशा सर्वसमाज को

### बोली– सर्वसमाज का सम्मान हमेशा सुरक्षित

सम्मान और भागीदारी देती आई है। उन्होंने दावा किया कि बसपा "यूज एंड थ्रो" की राजनीति नहीं करती, बल्कि हर वर्ग के हितों को सुरक्षित रखने का काम करती है। मायावती ने सपा पर जातिवादी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दलित, पिछड़े और मुस्लिम समाज की तरह अब ब्राह्मण समाज में भी नाराजगी बढ़ रही है। वहीं इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में नई बहस शुरू हो गई है।

# होटल में नाबालिग छात्रा मिलने पर मचा बवाल



**यूनिक समय, बरेली।** बरेली के नैनीताल हाईवे स्थित एक होटल में नाबालिग छात्रा के मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस और कुछ संगठनों की संयुक्त कार्रवाई में एक युवक और छात्रा को होटल के कमरे से बरामद किया गया। मामले के बाद इलाके में तनावपूर्ण माहौल बन गया।

जानकारी के मुताबिक, 16 वर्षीय

### बरेली में युवक पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

### छापेमारी के बाद होटल प्रबंधन भी जांच के घेरे में

छात्रा बहेड़ी क्षेत्र में रहकर आईटीआई की पढ़ाई कर रही थी। आरोप है कि मुजाहिद नाम का युवक उसे बहला–फुसलाकर होटल ले गया। सूचना मिलने पर शुक्रवार सुबह पुलिस ने होटल में छापा मारा और दोनों को हिरासत में लिया। छात्रा की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट और दुष्कर्म समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने होटल के रिकॉर्ड भी कब्जे में ले लिए हैं। वहीं कुछ संगठनों ने होटल प्रबंधन पर बिना सत्यापन लोगों को कमरा देने का आरोप लगाया है और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# प्रतीक यादव की वसीयत ने बढ़ाई परिवार में हलचल

**यूनिक समय, लखनऊ।** प्रतीक यादव के निधन के बाद अब उनकी कथित वसीयत को लेकर नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि प्रतीक यादव ने अपनी पूरी संपत्ति अपनी दोनों बेटियों के नाम कर दी थी। सबसे ज्यादा चर्चा इस बात को लेकर हो रही है कि कथित वसीयत में उनकी पत्नी अपर्णा यादव के नाम किसी भी संपत्ति का जिक्रनहीं किया गया है।

बताया जा रहा है कि वसीयत में बेटियों के लिए कुछ विशेष शर्तें भी रखी गई हैं।

सूत्रों के अनुसार, एक निश्चित उम्र



पूरी होने के बाद ही उन्हें संपत्ति बेचने या पूरी तरह इस्तेमाल करने का अधिकार मिलेगा। तब तक वे केवल उसका उपयोग कर सकेंगी।

इस खबर के सामने आने के बाद

### बेटियों के नाम बताई जा रही पूरी संपत्ति

### अपर्णा यादव का नाम नहीं होने पर चर्चा तेज

सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोग यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर ऐसी क्या परिस्थितियां बनीं कि प्रतीक यादव ने इतना बड़ा फैसला लिया। कई लोग इसे पहले सामने आए पारिवारिक विवादों और सोशल मीडिया पोस्ट्स से भी जोड़कर देख रहे हैं। दरअसल, कुछ समय पहले प्रतीक यादव और अपर्णा यादव के रिश्तों को लेकर भी चर्चाएं हुई थीं।

सोशल मीडिया पर साझा किए गए कुछ पोस्ट्स के बाद दोनों के बीच मतभेद की अटकलें तेज हो गई थीं। हालांकि बाद में प्रतीक यादव ने वीडियो जारी कर कहा था कि दोनों के बीच सब सामान्य है।

फिलहाल परिवार की ओर से इस कथित वसीयत को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बावजूद इसके, यह मामला लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है।

## देवास पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

# पांच लोगों की मौत, 23 घायल, मालिक गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 मजदूर घायल हो गए हैं। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घायलों को तुरंत अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।



जानकारी के अनुसार, यह हादसा टोंक कलां क्षेत्र में स्थित एक निजी लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री में हुआ। धमाके के बाद कई मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें से इलाज के दौरान दो और मजदूरों की मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। घायलों में से तीन गंभीर मरीजों को इंदौर के महाराजा यशवंतराव अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य का इलाज देवास और इंदौर के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। घटना के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही उनके नाम पर जारी पटाखा उत्पादन लाइसेंस को भी निलंबित कर दिया गया है। प्रशासन इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रहा है ताकि विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा सके। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर गहरा दुख जताया और अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने

### अस्पताल पहुंचे सीएम मोहन यादव, घायलों से पूछा हाल

चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जाए। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की और घायलों के निःशुल्क इलाज के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शेगी नहीं और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इसे एक गंभीर सबक बताते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने पर जोर दिया।

# उन्नाव रेप केस: सुप्रीम कोर्ट का हाईकोर्ट को दो महीने में फैसला देने का निर्देश






**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव रेप मामले से जुड़ी मुख्य अपील पर दिल्ली हाईकोर्ट को सख्त निर्देश दिया है कि वह इस मामले में दो महीने के भीतर फैसला सुनाए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि हाईकोर्ट को लगता है कि इतने कम समय में निर्णय संभव नहीं है, तो वह सभी पक्षों-जिसमें पीड़िता के वकील भी शामिल हैं-को सुनने के बाद सजा निलंबन (सस्पेंशन) की याचिका पर नया आदेश जारी कर सकता है। यह मामला पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर से जुड़ा हुआ है, जिन पर 2017 में उन्नाव की एक नाबालिग लड़की से गैंगरेप के गंभीर आरोप लगे थे। इस केस में सेंगर को पहले से ही दोषी ठहराया जा चुका है और उनकी सजा के निलंबन को लेकर कानूनी प्रक्रिया जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले दिसंबर में हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें सेंगर की सजा को निलंबित किया गया था। इस आदेश को सीबीआई ने चुनौती दी थी।

वर्तमान सुनवाई में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि हाईकोर्ट में मुख्य अपील की सुनवाई 25 तारीख को तय है। सेंगर के वकील ने दलील दी कि वह अपील की प्रक्रिया में बाधा नहीं डाल रहे, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वह यह साबित कर सकते हैं कि पीड़िता नाबालिग नहीं थी। साथ ही उन्होंने लोक सेवक की परिभाषा से जुड़े कानूनी पहलुओं पर भी सवाल उठाए। यह मामला लंबे समय से न्यायिक प्रक्रिया में है और अब हाईकोर्ट को तय समय सीमा में निर्णय देना होगा।

# बस हादसे में 15 यात्री घायल, एक की हालत गंभीर





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मनाली से दिल्ली जा रही एक निजी बस शुक्रवार तड़के भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई, जिसमें करीब 15 यात्री घायल हो गए। यह दुर्घटना सुबह लगभग चार बजे उस समय हुई जब बस चालक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था।

जानकारी के अनुसार, हादसा लाइट प्वाइंट के पास हुआ, जहां ओवरटेक के दौरान बस का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में बैठे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स और पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को बस से निकालकर तुरंत डेराबस्सी

### मनाली से दिल्ली जा रही थी निजी बस शुक्रवार तड़के हुआ भीषण सड़क हादसा

सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, एक यात्री की हालत गंभीर है और उसकी बाजू कट गई है। उसे बेहतर इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का इलाज डेराबस्सी अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि दुर्घटना में लापरवाही किस स्तर पर हुई। हादसे के बाद कुछ समय के लिए इलाके में यातायात भी प्रभावित रहा।

# केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य आप नेताओं पर अवमानना नोटिस

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट में एक महत्वपूर्ण कार्रवाई के तहत पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं-मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, विनय मिश्रा, सौरभ भारद्वाज और दुर्गेश पाठक-के खिलाफ आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी किया गया है। यह आदेश जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने दिया है।



कोर्ट ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अदालत को संबोधित एक पत्र को सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किया और उसे एक अभियान की तरह फैलाया गया, जिससे न्यायिक प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि संबंधित सामग्री को इस तरह प्रस्तुत किया गया जिससे न्यायपालिका के खिलाफ जनता के बीच गलत धारणा बनाई जा सके। सुनवाई के दौरान जज ने यह भी उल्लेख किया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट और बयानों को संदर्भ से हटाकर फैलाया गया, जिससे न्यायपालिका की छवि प्रभावित हो सकती है। कोर्ट ने इसे एक सुनियोजित प्रयास बताया, जिसका उद्देश्य न्यायिक संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना था। इस मामले को गंभीर मानते

### न्यायपालिका की साख और जनता का भरोसा सर्वोपरि : हाई कोर्ट

हुए अदालत ने कहा कि कुछ बयान और गतिविधियां न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को कमजोर करने की कोशिश हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह के मामलों में न्यायपालिका की साख और जनता का भरोसा सर्वोपरि है। साथ ही जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने खुद को शराब नीति से जुड़े मामलों की सुनवाई से अलग कर लिया है। अदालत ने संकेत दिया कि अवमानना की कार्यवाही आगे जारी रहेगी और सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा।

# अब 21 जून को होगी त्रुटिविहीन नीट परीक्षा : धर्मेंद्र प्रधान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्वीकार किया कि सिस्टम में कुछ त्रुटियां हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस चूक की जिम्मेदारी लेती है और इसे सुधारने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।



मंत्री ने बताया कि तीन मई को परीक्षा आयोजित हुई थी और सात मई को गेस पेपर से कुछ सवालों के मेल की जानकारी सामने आई। इसके बाद जांच में यह स्पष्ट हुआ कि प्रश्नपत्र लीक में गेस पेपर का उपयोग किया गया। स्थिति गंभीर होने पर मामले को जांच एजेंसियों को सौंप दिया गया और राज्य एजेंसियों से भी समन्वय किया गया। सरकार ने 12 मई को परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया और अब नई तारीख घोषित कर दी गई है। नीट-की दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि इस बार "जीरो टॉलरेंस" नीति अपनाई जाएगी और परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने पर जोर रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि छात्रों पर किसी तरह का आर्थिक बोझ नहीं डाला जाएगा और दोबारा परीक्षा के लिए कोई अतिरिक्त फीस नहीं ली जाएगी। उम्मीदवारों को अपने पसंद के परीक्षा शहर चुनने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाएगा। एडमिट कार्ड 14 जून तक जारी कर दिए जाएंगे। परीक्षा में छात्रों को 15 मिनट अतिरिक्त समय देने का भी निर्णय लिया गया है। परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित होगी। सरकार ने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में नीट परीक्षा को कंप्यूटर आधारित किया जाएगा ताकि इस तरह की समस्याओं को रोका जा सके। मंत्री ने छात्रों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांत रहकर परीक्षा की तैयारी करने की अपील की।

## पाकिस्तान ने भारत की ओर आंख उठाकर देखा तो वह होगा जो आज तक नहीं हुआ

# राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने भारत की ओर आंख उठाने की भी कोशिश की, तो उसे ऐसा जवाब मिलेगा जो इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत अब आतंकवाद और किसी भी तरह की उकसाने वाली कार्रवाई को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा।




जयपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को यह साफ संदेश दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ देश की नीति पूरी तरह "जीरो टॉलरेंस" की है। भारत अब अपनी सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने में सक्षम है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय देश है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोई भी देश इसे कमजोर समझे। उन्होंने दोहराया कि अगर भारत को कोई छेड़ता है, तो वह उसे छोड़ता भी नहीं है। देश अब पहले जैसा नहीं रहा, बल्कि हर चुनौती का जवाब देने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बेहद स्पष्ट है और इसमें किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। सरकार का उद्देश्य देश की सुरक्षा को मजबूत करना और आतंकवादी गतिविधियों को जड़ से खत्म करना है। रक्षा मंत्री ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय सेना किसी भी परिस्थिति में दुश्मनों को करारा जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन भारत की मजबूत रणनीति और सैन्य क्षमता का प्रतीक है। राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को कायराना और अमानवीय कृत्य बताया। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर निर्दोष लोगों की हत्या की, जो पूरी मानवता के खिलाफ है।

# 'हरे ड्रम' में मिला शव: प्रेमी की हत्या का खुलासा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई के मुंब्रा इलाके में एक सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर केस सामने आया है, जहां एक महिला ने अपने पति और भाई के साथ मिलकर अपने प्रेमी की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को हरे रंग के ड्रम में भरकर नाले में फेंक दिया गया। पुलिस जांच में मृतक अरबाज मकसूद अली खान की गुमशुदगी के बाद मोबाइल लोकेशन से सुराग मिला, जिससे मामला खुला। पूछताछ में आरोपी महिला मेहजबीन शेख ने अपराध कबूल किया। पुलिस ने उसे और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं।



## समूह की महिलाएं बनी आर्थिक नेतृत्व की नई ताकत

# प्रमाण पत्र पाकर खिले चेहरे

### साझा किए संघर्ष और बदलाव के अनुभव

### प्रशिक्षण के बाद बढ़ा आत्मविश्वास अब संभालेंगी कैशबुक और बैंकिंग

### सीखा डिजिटल हिसाब बदली जिंदगी की दिशा

सिटी रिपोर्टर

**यूनिक समय, मथुरा।** दामोदरपुरा स्थित जिला ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार को स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का तीन दिवसीय लेखपाल प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रमाण पत्र लेते समय महिलाओं के चेहरों पर आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने लेखा–जोखा, बैंकिंग और डिजिटल वित्तीय प्रबंधन सीखने के साथ अपने संघर्ष, बदलाव और आत्मनिर्भर बनने के अनुभव भी साझा किए।

एनआरएलएम के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण में नंदगांव, गोवर्धन और मथुरा विकासखंड की महिलाओं को कैशबुक संचालन, बैंक समन्वय, लेन–देन रजिस्टर और डिजिटल एंट्री की जानकारी दी गई। संस्थान से जुड़े हरीश कुमार शर्मा ने बताया कि उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से अधिक जिम्मेदार और समूह संचालन में दक्ष बनाना है।



सुमन ने कहा, "समूह से जुड़ने के बाद मैं विद्युत सखी बनी। पहले घर तक सीमित थी, लेकिन अब अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में बराबरी से सहयोग कर रही हूं।



तुलसी बोलीं, "पहले गांव में महिलाओं की पहचान सीमित थी, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद हम संगठित हुए। अब लोग हमारी बात सुनते हैं और सम्मान की नजर से देखते हैं।"



तारा देवी ने बताया, "समूह से जुड़ने के बाद नियमित बचत की आदत बनी। अब पैसों का हिसाब समझने लगी हूं और जरूरत पड़ने पर दूसरों को भी सलाह देती हूं।"



राजकुमारी देवी ने कहा, "समूह ने हमें सिर्फ रोजगार नहीं दिया, बल्कि समाज में सम्मान, आत्मविश्वास और सिर उठाकर जीने की नई पहचान भी दी है।"



मंजू बोलीं, "छोटी–छोटी बचत से बड़ा बदलाव आता है। समूह से जुड़ने के बाद आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली और अब भविष्य को लेकर भरोसा बढ़ा है।"



अनीता ने कहा, "समूह ने मुझे आत्मनिर्भर बनाया। अब मैं घर और समाज दोनों जगह आत्मविश्वास से अपनी बात रखती हूं। जीवन में आगे बढ़ने का साहस मिला है।"

## तेल संकट की आंच पहुंची जेब तक, बढ़ी लोगों की चिंता



पेट्रोल पम्प पर स्कूटी में पेट्रोल डालता सेलसमैन।

**यूनिक समय, मथुरा।** ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव का असर अब धीरे–धीरे भारत के बाजारों में भी दिखाई देने लगा है। जिले में पहले ही रोजमर्रा की कई चीजों के दाम बढ़ चुके हैं और अब पेट्रोल–डीजल भी महंगा हो गया है। शुक्रवार देर रात नई कीमतें लागू होने के बाद सुबह जब लोग पेट्रोल पंपों पर पहुंचे तो बढ़े हुए रेट देखकर चौंक गए। अचानक हुई इस बढ़ोतरी ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। जनपद में सामान्य पेट्रोल की कीमत 94.21 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 96.95 रुपये प्रति लीटर हो गई है। यानी एक लीटर पर तीन रुपये की बढ़ोतरी हुई है। वहीं स्पीड पेट्रोल की कीमत 103.13 रुपये से बढ़कर 106.12 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। वहीं डीजल भी पीछे नहीं रहा। पहले जो डीजल 87.20 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था, वह अब बढ़कर 90.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है। सुबह पेट्रोल पंपों पर लोग नई कीमतों को लेकर चर्चा करते नजर आए। कई लोगों ने कहा कि पहले ही सब्जी, दूध, गैस और खाने–पीने की चीजें महंगी हो चुकी हैं, अब पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ने से आने वाले दिनों में और असर देखने को मिलेगा। लोगों का मानना है कि यदि विदेशों में तनाव लंबे समय तक जारी रहा तो महंगाई और बढ़ सकती है। स्कूटी में पेट्रोल डलवा रही रजनी ने कहा कि दूसरे देशों के मुकाबले भारत में अभी कीमतें ज्यादा नहीं बढ़ी हैं, लेकिन आम लोगों के लिए यह भी बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि अब लोगों को कम दूरी के लिए पैदल चलने या जरूरत पड़ने पर ही वाहन निकालने की आदत डालनी चाहिए। मोहन सिंह ने कहा कि पहले से ही घर चलाना मुश्किल हो रहा है। हर चीज के दाम बढ़ रहे हैं। अब पेट्रोल महंगा होने से रोज आने–जाने में खर्च और बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि अब बिना जरूरत वाहन चलाना कम करना पड़ेगा। श्याम सिंह ने कहा कि विदेशों में पेट्रोल–डीजल की कीमतें आसमान छू रही हैं। उसके मुकाबले यहां बढ़ोतरी कम है, लेकिन इसका असर आम आदमी पर जरूर पड़ेगा। व्यापारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि पेट्रोल–डीजल महंगा होने का सीधा असर बाजार पर पड़ता है। माल ढुलाई का खर्च बढ़ने से धीरे–धीरे हर सामान महंगा होने लगता है। कॉलेज छात्रा पूजा ने कहा कि छात्र–छात्राओं और नौकरीपेशा लोगों के लिए रोज का सफर अब और महंगा हो जाएगा। कई लोग बाइक और स्कूटी से कॉलेज या नौकरी पर जाते हैं। ऐसे में हर महीने का खर्च बढ़ना तय है।

## छात्राओं को सिखाया बचत, निवेश और साइबर सुरक्षा का मंत्र



छात्राओं के लिए वित्तीय साक्षरता व साइबर जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी देते डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज अमित चतुर्वेदी और डीडीएम नाबार्ड अभिषेक शुक्ला।

सिटी रिपोर्टर

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय हाई स्कूल लोहवन में छात्राओं के लिए वित्तीय साक्षरता एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आर्थिक रूप से जागरूक बनाने के साथ–साथ डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के प्रति सतर्क करना रहा।

वित्तीय साक्षरता केंद्र के डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज अमित चतुर्वेदी ने छात्राओं को बैंक में बचत खाता खोलने के लाभ, जीवन में बचत के महत्व और बजट बनाने के फायदे बताए। उन्होंने बचत और निवेश के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए निवेश के समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। साथ ही सावधि जमा खाता और आवर्ती जमा खाते के बारे में विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम में साइबर फ्रॉड पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मनी म्यूल फ्रॉड, केवाईसी फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं को इनसे बचने के उपाय भी बताए गए।

डीडीएम नाबार्ड अभिषेक शुक्ला ने शिक्षा ऋण की प्रक्रिया, विद्या लक्ष्मी पोर्टल और क्रेडिट स्कोर के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कविता सक्सेना सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। समापन पर प्रश्नोत्तरी आयोजित कर सही जवाब देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

## उद्योग व्यापार मंडल ने किया 51वीं क्षेत्रीय इकाई का गठन



गोविंदगंज समिति का गठन करते, सूर्यकांत अध्यक्ष और प्रशांत महामंत्री।

### सूर्यकांत चतुर्वेदी अध्यक्ष और प्रशांत गुप्ता को महामंत्री चुना गया

**यूनिक समय, मथुरा।** शुक्रवार को नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने व्यापारियों के हित में सक्रियता दिखाते हुए अपनी 51वीं क्षेत्रीय इकाई का गठन किया। मौजूद व्यापारियों ने गोविंदगंज सब्जी मंडी व्यवसाय समिति के लिए सर्वसम्मति से सूर्यकांत चतुर्वेदी को अध्यक्ष और प्रशांत गुप्ता को महामंत्री चुना। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र खत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में अध्यक्ष–महामंत्री के अलावा सर्वसम्मति से आकाश बंसल हरीश गुप्ता, भूरा कुरेशी, नितिन सोनी उपाध्यक्ष, गौरव गुप्ता, सारांश अग्रवाल, रोहित प्रजापति, गोपाल अग्रवाल मंत्री, कन्हैया लाल गुप्ता कोषाध्यक्ष, हीरा कुरेशी मीडिया प्रभारी चुने गए, संरक्षक डॉ. राकेश अग्रवाल को चुना गया। नगर महामंत्री शशिभानु गर्ग ने पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि नगर में 100 इकाइयों के गठन का लक्ष्य है। नगर उपाध्यक्ष दिलीप पांडे, सह महामंत्री श्रीभगवान चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष मीनालाल अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन महामंत्री सुनील साहनी ने किया। बैठक में माधव अग्रवाल, बॉबी अग्रवाल, कमल नयन चतुर्वेदी, गिरधारी लाल गुप्ता, संतोषी ठाकुर, प्रिंस अग्रवाल, हरि सैनी, चिंटू गुप्ता, डब्बू सैनी, बाके गुप्ता, पवन गुप्ता, लाला गुप्ता, पप्पन गुप्ता, कपिल अग्रवाल, गिरीश किशोर, पवन ठाकुर आदि क्षेत्रीय व्यापारी उपस्थित रहे।

## बाजना में चमचमाया ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग



चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग की साफ सफाई करते नगर पंचायत के कर्मचारी।

### भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं के लिए पानी और दवा के पुख्ता इंतजाम

### परिक्रमा को लेकर नगर पंचायत भक्ति और सेवा के रंग में सराबोर

**यूनिक समय, बाजना।** 17 मई से शुरू होने वाली पावन ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा को लेकर नगर पंचायत बाजना पूरी तरह भक्ति और सेवा के रंग में सराबोर नजर आ रही है। तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने परिक्रमा शुरू होने से पहले ही क्षेत्र में व्यापक इंतजाम पूरे कर लिए हैं।


नगर पंचायत बाजना द्वारा परिक्रमा मार्ग की कायाकल्प कर दी गई है। धूल और गंदगी को साफ कर मार्ग को एकदम 'चमचम' बना दिया गया है, ताकि नंगे पैर चलने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नालियों की सफाई से लेकर सड़कों की मरम्मत तक का कार्य युद्धस्तर पर पूरा किया गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए बहुत से श्रद्धालु रात्रि के समय अपनी यात्रा तय करते हैं। यात्रियों को अंधेरे में चलने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए नगर पंचायत ने परिक्रमा मार्ग पर लगे लाइट के खंभों पर नए बल्ब और बड़ी लाइटों के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पूरे मार्ग को दूधिया रोशनी से नहला दिया गया है, जिससे रात में भी सफर सुगम और सुरक्षित रहेगा। मई की भीषण तपिश को देखते हुए प्रशासन ने जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया है। नगर पंचायत ने मार्ग पर जगह–जगह पानी के टैंकर तैनात किए हैं, ताकि यात्रियों को स्वच्छ पेयजल मिलता रहे और वे निर्जलीकरण से बच सकें।

साथ ही, श्रद्धालुओं की सेहत का ख्याल रखने के लिए डॉक्टरों की टीम और स्वास्थ्य शिविर भी विभिन्न पांडालों पर मौजूद रहेंगे। प्राथमिक चिकित्सा किट और आपातकालीन दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में यात्रियों को तुरंत उपचार मिल सके।

## 42 बिजली घरों पर कूलर लगाने का दावा फेल

### तीन केंद्रों तक सिमटी तैयारी, विभाग बोला– 'अभी ज्यादा गर्मी नहीं'

**यूनिक समय, मथुरा।** मई माह में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं, लेकिन बिजली विभाग के दावे अभी तक कागजों से बाहर नहीं निकल पाए हैं। गर्मी से पहले विभागीय अधिकारियों ने बड़े–बड़े आश्वासन दिए थे कि इस बार जनपद वासियों को बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए जिले के पांच एमवीए और 10 एमवीए क्षमता वाले करीब 42 बिजली घरों पर बड़े कूलर लगाए जाने की योजना बनाई गई थी, ताकि उपकरणों को अधिक गर्म होने से बचाया जा सके और आपूर्ति बाधित न हो। लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल



अलग नजर आ रही है। अब तक केवल तीन बिजली घरों–औरंगाबाद, बल्देव और रहीमपुर पर ही कूलर लगाए जा सके हैं। बाकी बिजली घर अभी भी इंतजार में हैं। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि जब गर्मी ने दस्तक दे दी है तो विभाग की तैयारियां अभी तक अधूरी क्यों हैं। हर साल गर्मी के मौसम में ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग की समस्या आम हो जाती है, जिससे घंटों बिजली कटौती होती है। इस बार भी यदि समय रहते इंतजाम पूरे नहीं किए गए तो स्थिति पहले जैसी ही रहने की आशंका है। मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने कहा कि अभी गर्मी कम है, जैसे–जैसे तापमान बढ़ेगा उसी आधार पर बाकी बिजली घरों पर भी कूलर लगाए जाएंगे। साथ ही यह भी बताया कि सभी चयनित बिजली घरों पर दो–दो कूलर लगाए जाने की योजना है, जिससे ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरणों को ठंडा रखा जा सके।

संबधित अधिकारी गौरव कुमार ने कहा है कि बिजली घरों में कूलिंग सिस्टम मजबूत होना बेहद जरूरी है, क्योंकि अधिक तापमान में ट्रांसफार्मर की कार्यक्षमता प्रभावित होती है और फॉल्ट की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने कहा कि आने वाले दिनों में जब तापमान और बढ़ेगा, तब बिजली विभाग अपने अधूरे वादों को कितनी तेजी से पूरा कर पाता है।